दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 74
कोटद्वार शनिवार
8 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मानसून में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों के जाने पर रोक, शासन ने जिलों को जारी किया अलर्ट

**देहरादून।** प्रदेश में भारी वर्षा की चेतावनी के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा इस अवधि में लोगों के किसी भी विपदा में फंसे होने की स्थिति में उन्हें खाद्य सामग्री और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा के निर्देश पर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से डीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। हरिद्वार, नैनीताल और पिथौरागढ़ को बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ने पर विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट में बाणगंगा (रायसी) हरिद्वार, धौलीगंगा (कनज्योति) पिथौरागढ़ एवं कोसी (बेतालघाट) नैनीताल नदियों में जलस्तर में हो रही वृद्धि को देखते हुए सुरक्षा के विशेष उपाय अपनाने को कहा गया है।

इसमें आवागमन में नियंत्रण रखने, किसी भी आपदा, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्रवाई करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान करने, आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित समस्त अधिकारियों एवं विभागीय नोडल अफसरों को हाई अलर्ट में रहने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अलावा राजस्व उपनिरीक्षकों, ग्राम विकास अफसरों, ग्राम पंचायत अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में बने रहने के लिए कहा गया है।

# राहुल गांधी को सजा पर रोक की याचिका में मिली निराशा

## गुजरात हाईकोर्ट से झटका, मोदी सरनेम मामले में याचिका खारिज



**गुजरात।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने सजा पर रोक की मांग को लेकर दाखिल की गई याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी ने हाईकोर्ट से मोदी सरनेम मामले में कसूरवार ठहराए जाने के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। कोर्ट के इस फैसले बाद राहुल गांधी के 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की राह मुश्किल हो गई है।

बदा दें कि राहुल गांधी को 23 मार्च को सीजेएम कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी। सजा सुनाने के साथ ही कोर्ट ने उन्हें सेशंस कोर्ट जाने के लिए 30 दिन का समय दिया था। हालांकि सेशंस कोर्ट ने भी राहुल गांधी की अपील खारिज कर दी थी। इसके बाद राहुल गांधी ने गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी लेकिन उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली है। अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना होगा।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 2019 से पहले 13 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'मोदी सरनेम' पर बयान दिया था। गुजरात में बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी की ओर से दायर 2019 मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद 24 मार्च को राहुल गांधी की सदस्यता रद्द हो गई। सूरत सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल गांधी ने गुजरात हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की, मगर राहत नहीं मिली। इसके बाद हाईकोर्ट से अपने फैसले पर पुर्नविचार करने की अपील की गई।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई, मनीष सिसोदिया समेत अन्य की 52.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसौदिया और अन्य की 52.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने आबकारी नीति में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अभी तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 13वें आरोपी की गिरफ्तारी 6 जुलाई को व्यवसायी दिनेश अरोड़ा की हुई।

सीबीआई ने इसी साल 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किया था। इसी केस से जुड़े मामले में बाद में ईडी ने भी सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 3 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

## हरिद्वार: 10 से 17 जुलाई तक कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल रहेंगे बंद

**हरिद्वार।** कांवड़ मेले के मद्देनजर हरिद्वार में आगामी से 10 से 17 जुलाई तक कक्षा एक से 12 तक के सभी सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने कांवड़ मेले के चलते यह निर्णय लिया है। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया उत्तराखण्ड के प्रथम हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नीबूवाला गढ़ी कैन्ट, देहरादून में संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित उत्तराखण्ड के प्रथम हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 4 दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव निनाद का भी शुभारंभ कर हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र में स्थापित वृहद संग्रहालय, प्रेक्षागृह, वाह्य व आन्तरिक कलादीर्घा पुस्तकालय एवं नाट्यशाला का अवलोकन किया तथा परम्परागत ढ़ोल वादन कर लोकवाद्यो का सम्मान भी बढ़ाया। असम के लोक कलाकारों द्वारा बिहु नृत्य का प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने फिल्म जगत से जुड़े प्रदेश के फिल्मकारों, छायाकारों एवं गायकों को भी सम्मानित किया उनमें फिल्मकार संतोष रावत, फिल्म छायाकार कमलजीत नेगी, करन थपलियाल, अभिनेता चन्दन बिष्ट, अभिनेत्री रूप दुर्गापाल, गायिका शिखा जोशी शामिल थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र एक ओर जहां प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक सजीव चित्र हम सबके समक्ष रखेगा, वहीं दूसरी ओर यह हमारी सरकार की संस्कृति के संरक्षण-संबर्द्धन एवं विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी परिलक्षित करेगा। यह केंद्र हमारी सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुँचाने में भी मददगार होगा।

उन्होंने कहा कि इस सांस्कृतिक केन्द्र में स्थापित वृहद संग्रहालय में अनेक कलाकृतियां, मूर्तिकला आदि संग्रहित हैं, इसके साथ ही हमारी पारम्परिक एवं समकालीन कला को भी इस संग्रहालय में प्रदर्शित करने का प्रयास सराहनीय है। इसके साथ ही यहां लोक साहित्य एवं लोक भाषा पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी भी प्रदर्शित की गयी है, जिसमें उत्तर-ाखण्ड जन आन्दोलन से जुड़े साहित्य को भी सम्मिलित किया गया है। यह सांस्कृतिक केन्द्र हमारी समृद्ध ऐतिहासिक सांस्कृतिक विरासत को एक स्थान पर संग्रहीत कर प्रदर्शित करने का एक अनूठा प्रयास है, जिससे हमारी भावी पीढ़ी को अपनी अमूल्य धरोहर को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने फिल्मजगत से जुड़े प्रदेशवासियों से अपेक्षा की कि उन्हें उत्तराखण्ड की इस पावन भूमि ने इस मुकाम तक पहुंचाने का अवसर दिया है। देश व दुनिया के साथ अपने प्रदेश का नाम रोशन करने में भी वे मददगार बने। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति परिवेश एवं पूर्वजो द्वारा दिये गए संस्कारों से जुड़ा रहना होगा। ये हमारी जड़े हैं। अपनी जड़ों से जुड़ा रहकर ही हम जीवन में सफल होंगे तथा हमारी पहचान बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारतीय दुनिया में कहीं भी रहे, कितनी ही पीढ़ियों तक रहे, उसकी भारतीयता, उसकी भारत के प्रति निष्ठा, कभी कम नहीं होती। इसका कारण हमारी विशिष्ट सांस्कृतिक चेतना है, जिसमें भारत उसके दिल में हमेशा जीवंत रहता है। भारत एक राष्ट्र होने के साथ ही एक महान परंपरा है, एक वैचारिक अधिष्ठान है, एक संस्कार की सरिता है। भारत वो शीर्ष चिंतन है- जो वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। भारत दूसरे के नुकसान की कीमत पर अपने उत्थान के सपने नहीं देखता। भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना करते हुए अपने साथ सम्पूर्ण मानवता के कल्याण की कामना करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के रूप में हमें एक ऐसा नेतृत्व मिला जिसने भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का बीड़ा उठाया और उस पर ठोस कार्य भी प्रारंभ किया। प्रधानमंत्री जी ने आज देश के साथ ही विदेश में रहने वाले भारतीयों के मन में पुनः सनातन संस्कृति की अलख जगाने का भी कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार न सिर्फ देश का भौतिक विकास कर रही है, बल्कि दुनियाभर में भारत की सनातन संस्कृति की कीर्ति पताका को फहराने का कार्य भी कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब हम आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाते हैं, तो विश्व के लिए प्रगति की नई संभावनाएं खोलने की बात करते हैं। आज जब हम योग के प्रसार के लिए प्रयास करते हैं, तो विश्व के हर व्यक्ति के लिए सर्वे संतु निरामया की कामना करते हैं। हमें संपूर्ण दुनिया को ये अहसास दिलाना है कि भारत की प्रगति से पूरी मानवता का कल्याण जुड़ा है। उन्होंने विश्वास किया कि अपने इन आदर्शों पर चलते हुए हम एक नया भारत भी बनाएँगे, और बेहतर दुनिया का सपना भी साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प को लेकर आगे बढ़ना है।



# मानदेय नहीं मिलने पर अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



रुद्रप्रयाग। मई और जून माह में मानदेय को लेकर बरती गई शिक्षा विभाग की लापरवाही के खिलाफ अतिथि शिक्षक संघ ने आंदोलन शुरू कर दिया है। आक्रोशित शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता आंदोलन जारी रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष आशीष जोशी के नेतृत्व में सभी अतिथि शिक्षक सीईओ कार्यालय पहुंचे। माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशीष जोशी ने कहा कि मई माह का अपूर्ण एवं जून माह का मानदेय का भुगतान न किए जाने से सभी शिक्षकों में आक्रोश है। कहा कि माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ द्वारा लगातार इस मांग के लिए विभाग से पत्राचार किया गया जबकि कई बार शिक्षकों ने अपनी खराब आर्थिक स्थिति की जानकारी भी दी किंतु शिक्षा विभाग के अफसरों पर कोई असर नहीं पड़ा। संघ ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी अगस्त्यमुनि, जखोली, ऊखीमठ की ओर से कार्यरत समस्त अतिथि शिक्षकों का माह मई का मात्र 26 दिन का वेतन भुगतान किया है तथा माह जून के मानदेय भुगतान के लिए स्पष्ट रूप से मना किया गया है। कहा कि इससे पूर्व 2015 से बीते वर्षा में निरंतर माह जून का वेतन भुगतान किया जाता रहा है, किंतु मुख्य शिक्षा अधिकारी वेतन भुगतान के लिए 3 आदेशों के बाद भी वर्तमान में कार्यरत खण्ड शिक्षा अधिकारी की ओर से शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवधि का वेतन भुगतान के लिए स्पष्ट रूप से मना किया जा रहा है, जबकि प्रदेश के अन्य जनपदों में वेतन भुगतान किया जा रहा है।

## लापता युवक की तलाश को एसपी से मिले परिजन

चमोली। गोपेश्वर क्षेत्र के रोली ग्वाड़ गांव का युवक शोभित कर्णप्रयाग से लापता है। आरोप है कि उसके साथ कुछ लोगों ने मार पिटाई की। घटना के दिन से युवक का कोई अता पता नहीं चल रहा है। युवक के परिजन और ग्रामीण चिंतित हैं।

युवक के परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच तेज करने की अपील की। परिजनों ने कहा कि युवक को खोजने व मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने एसपी प्रमेंद्र डोबाल से कहा कि बीते तीन जुलाई को रात को उमा देवी तिराहे पर कर्णप्रयाग में कुछ लोगों ने उनके गांव के युवक शोभित के साथ मारपीट की है। इस घटना के बाद से वह लापता हैं। युवक की सकुशल तलाशी तेज की जाय। मारपीट करने वालों की तलाश कर कार्रवाई की जाय ।

# 50 दिन एक सौ पचास काम के तहत हुआ विभिन्न कार्यों का शुभारंभ



हरिद्वार। शिवालिकनगर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने ह्य50 दिन एक सौ पचास काम के तहत विभिन्न कार्यों का शुभारंभ किया। गंगा नगरी वार्ड 3 में यात्री शेड, स्पीड ब्रेकर, पांच सोलर लाईट, केशव नगर वार्ड 13 में तीन सड़क, हाई मास्ट लाईट, पुलिया, स्वागत द्वार, सात सोलर लाईट, वाटर हार्वेस्टिंग, दीपगंगा अपार्टमेंट में हाई मास्ट लाईट, यात्री शेड, तीन पार्कों में 12 सोलर लाईट, कलेक्ट्रेट कॉलोनी में यात्री शेड, पांच सोलर लाईट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, सभासद पंकज चौहान व हरिओम चौहान, हरीश तिवारी, नितेश सिंह, सुधांशु राय, संदीप त्यागी, प्रदीप शर्मा, दीपक नौटियाल, रितु ठाकुर, संध्या सिंह, पवन सैनी, अंशुल शर्मा, देव विख्यात भाटी, सुनील कौशिक, अर्जुन चौहान, भागेश्वरी, जयवीर त्यागी, प्रदीप चंदेल, कुंदन सिंह, शशिकांत त्यागी, आशीष कुमार, संजय चौहान, आलोक चौहान, केशव चौहान, दिनेश चंद्रा, पंकज पटेल, पदम राजपूत, जोगिंदर पवार, देवेंद्र कुमार, मिंटू मंगोलिया, देवेंद्र थापा, नरेंद्र चौहान, शिव कांत पाठक, राकेश देव पाल आदि शामिल रहे।

# डीएम ने ली सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने एसडीएम, एनएच, पीएमजीसवाई, लोनिवि, बीआरओ के अधिकारियों से सड़क सुरक्षा को लेकर किये गये कार्यों एवं सड़कों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिसके बाद चेकिंग अभियान, चालान, मजिस्ट्रीयल जांच को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।

शुक्रवार का कलक्ट्रेट में आयोजित सुड़क सुरक्षा बैठक में डीएम ने मानसून सीजन को देखते हुए सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये। जनपद के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि माह में एक बार टीम के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग करना सुनिश्चित करें। साथ ही खराब सड़कों की किमी सहित सूचना उपलब्ध करायें। कुमाल्डा–कद्दूखाल मोटर मार्ग, सुवाखोली–भवान मोटर मार्ग, डोबराचांटी मोटर मार्ग, बछलीखाल मोटर मार्ग, कोडियाला मोटर मार्ग, रानीपोखरी–गुजराड़ा आदि मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि जहां पैचवर्क, सड़क डामरीकरण के कार्य होने हैं। उनका एसडीआरएफ के मानकों के अनुसार इस्टीमेट भेजना सुनिश्चित करें। फुटपाथ पर अनावश्यक बोर्डस को हटाते हुए फुटपाथ को साफ रखने को कहा गया। सुरकण्डा देवी रोड पर पक्की पार्किंग बनने तक अस्थाई पार्किंग के लिए जगह चिह्नित करने के निर्देश भी दिये। पूर्व में सड़क दुर्घटना स्थलों पर लगाये गये क्रश बैरियर और पैराफिट के संबंध में जानकारी लेते हुए डीएम ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटना स्थलों पर क्रश बरियर व पैराफिट लगाना सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस नेताओं ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में मिली सजा गुजरात हाईकोर्ट से भी बरकार रहने की सूचना मिलने पर, कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को प्रदेश में कई जगह सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में नेताओं ने कांग्रेस भवन के निकट क्लिटी चौक पर जमा होकर, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर करन महरा ने कहा कि राहुल गांधी को सरकार की आलोचना करने की सजा मिली है। ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके विपक्ष और आलोचकों का दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार सीमा पर चीन का अतिक्रमण, अडानी मामला उठाकर सरकार को घेर रहे हैं, इसलिए उनकी संसद सदस्यता समाप्त की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता इसके खिलाफ राहुल गांधी के साथ खड़ी है।

प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने बताया कि सजा बरकरार रखने की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं ने देहरादून के साथ ही पौड़ी, हरिद्वार, ऋषिकेश के साथ ही कुमांऊ में भी स्वतःस्फूर्त तरीके से प्रदर्शन किया है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ,सत्या पोखरियाल, मोहित उनियाल ,लक्ष्मी अग्रवाल ,उर्मिला थापा, राजेश पुंडीर भी शामिल हुए।

# जल स्रोतों का संवर्द्धन कर भविष्य के लिए सुरक्षित किया जाएगा पानी: पंत

देहरादून। एमडी जल निगम सुरेश चंद्र पंत ने शुक्रवार को मुख्यालय में जाकर विधिवत कामकाज संभाला। उन्होंने अफसरों को ग्राउंड जीरो पर जाकर काम करने के निर्देश दिए। नई पेयजल योजनाओं को तय समय के भीतर पूरा करने के साथ ही जल स्रोतों के संवर्द्धन पर अधिक जोर दिया। मोहिनी रोड स्थित निगम मुख्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद एमडी एससी पंत ने कहा कि इस समय जल निगम के सामने जल जीवन मिशन की योजनाओं को तय समय के भीतर पूरा कराने की बड़ी चुनौती है। लोगों के घरों तक शत प्रतिशत नल से जल सुनिश्चित कराना है। इसके लिए सभी इंजीनियरों को मिशन मोड पर काम करना होगा। न सिर्फ नई योजनाओं पर तेजी से काम करना है, बल्कि योजनाओं में पानी कायम रहे, इसके लिए स्रोत संवर्द्धन पर भी काम करना होगा। ताकि भविष्य में पेयजल योजनाओं में पानी की कमी का संकट न खड़ा हो। कहा कि नमामि गंगे, केएफडब्ल्यू से जुड़े हरिद्वार, ऋषिकेश की सीवर, पानी की योजनाओं को तय समय पूरा कराया जाएगा। जायका प्रोजेक्ट के जरिए राज्य के 38 पहाड़ी शहरों में पेयजल आपूर्ति मजबूत करने से जुड़ी औपचारिकताओं को भी जल्द पूरा किया जाएगा। जल निगम को भवन निर्माण के क्षेत्र में राज्य की मजबूत कार्यदायी संस्था के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष रामकुमार, अजय बेलवाल ने भी एमडी पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

**सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट नदी जोड़ो पर विशेष फोकस**

एमडी पंत ने बताया कि राज्य की नदियों के बेहतर प्रबंधन और सूखी नदियों को जीवंत करने को नदी जोड़ो परियोजना पर विशेष फोकस किया जाएगा। चमोली पिंडर नदी के पानी को अल्मोड़ा कोसी नदी तक पहुंचाने की दिशा में विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस योजना पर मिशन मोड में काम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एक घंटे की बारिश से कांवड़ बाजार में जल भराव

हरिद्वार। एक घंटे की बारिश से कांवड़ बाजार और पार्किंगों में जल भराव हो गया। हिल बाईपास मार्ग पर मलबा आ गया। जिसके चलते लोगों को परेशानियां हुई। कांवड़ मेले के दौरान दस जुलाई से हिल बाईपास मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोला जाना भी है। शुक्रवार दोपहर में एक घंटे की बारिश हुई। इसके बाद तेज धूप निकल गई। लेकिन तब तक शहर के कई हिस्सों में पानी भर चुका था। चमगादड़ टापू पार्किंग और कांवड़ बाजार में आधा फिट तक पानी भर गया। बैरागी कैंप में कीचड़ हो गया। पंतद्वीप पार्किंग का भी यही हाल था। हिल बाईपास मार्ग को जोड़ने वाले फ्लाई ओवर पर मलबा आ गया। जबकि नाला नंबर 37 के पास भी सड़क पर मलबा आ गया। इधर, गुरुवार को जिलाधिकारी ने 24 घंटे में पार्किंगों से पानी निकालने के निर्देश दिए थे।

### मिड डे मील का राशन चोरी

रुड़की। राजकीय प्राथमिक विद्यालय लहबोली की प्रधानाध्यापिका अर्चना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छह जुलाई को रसोई की खिड़की तोड़कर मिड डे मील के छह कुन्तल चावल चोरी कर लिए गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### कांवड़ सेवा शिविर का सांसद ने किया शुभारंभ

रुड़की। सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी की ओर से लगाए गए कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शोभा राम प्रजापति, जिला महामंत्री अरविंद गौतम, प्रवीण संधू, जयपाल सिंह चौहान, अशोक चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, भीम सिंह, सतीश सैनी, पंकज नंदा, नितिन गोयल, वाईपी सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, पवन तोमर, संजीव तोमर, संजय त्यागी, ललित मोहन अग्रवाल, सुंदर लाल प्रजापति, बीएल अग्रवाल, विवेक चौधरी, अनूप राणा आदि मौजूद रहे।

# सावन मास में कांवड़ियों की सेवा ही सच्ची सेवा: कौशिक



हरिद्वार। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और शहर विधायक मदन कौशिक के नेतृत्व में शंकराचार्य चौक पर पहुंचकर हरिद्वार से जल भरकर अपने गंतव्य स्थान पर जा रहे कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। साथ ही उनका हरिद्वार में हाथ जोड़कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जयघोष किया। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि सावन मास में कांवड़ियों की सेवा ही सच्ची सेवा है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दोनों ही राज्यों में मुख्यमंत्रियों के निर्देशानुसार कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है।

उसी श्रृंखला में शुक्रवार को हरिद्वार में भी उन्होंने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। कहा कि इतनी भीषण गर्मी में तपती धूप में अपने कंधों पर सैकड़ों लीटर जल लेकर ये लाखों शिवभक्त जिस प्रकार से हरिद्वार से अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। यह भगवान भोलेनाथ की दिव्य शक्ति का परिणाम है। जिस प्रकार प्रतिवर्ष कांवड़ियों की संख्या बढ़ रही है यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि आज तीर्थ नगरी पूरी भोलेमय हो चुकी है। पूरा क्षेत्र भगवामय हो चुका है। इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश मंत्री दीपांशु विद्यार्थी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अन्नू कक्कड़, नेता प्रतिपक्ष सुनील अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट,सपना शर्मा, धीरेंद्र गुप्ता, सिद्धार्थ कौशिक आदि शामिल रहे।

## एसडीएम ने डेंगू वार्ड में मच्छरदानियों को बदलने के निर्देश दिए

ऋद्धिकेश। बरसात में डेंगू के प्रकोप से बचाने के लिए एसपीएस राजकीय चिकित्सालय इलाज से पहले खुद ही बीमार नजर आ रहा है। शुक्रवार को एसडीएम के निरीक्षण में इसका खुलासा हुआ।

उन्हें वार्ड में बेड पर लगी मच्छरदानियां पुरानी और खराब मिली। उन्होंने तत्काल सीएमएस को मच्छरदानियां बदलने के साथ ही हर स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एसडीएम सौरभ असवाल को निरीक्षण में सीएमएस डॉ. पीके चंदोला ने जानकारी दी कि अस्पताल में चार वार्ड डेंगू मरीजों के लिए बनाए गए हैं। इन वार्डों में 10 पुरूष और 10 महिला बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। सर्विलांस टीम को भी एक्टिवेट किया गया है। आशा कार्यकर्ताओं को भी घर–घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव को जागरूक करने के लिए कहा गया है। एसडीएम ने बताया कि बरसात में डेंगू के मामले बढ़ने की आशंका रहती है,

# सड़क में जल भराव बना स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत

रुद्रप्रयाग। नगर मुख्यालय में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग में कई जगहों पर जल भराव की स्थिति पैदा हो रही है। बीते दो दिनों से हुई मूसलाधार बारिश से यहां जल भराव होने से स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। लोगों ने एनएच की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि ऑल वेदर में बनी सड़क का कई जगहों पर स्लोप ठीक नहीं है जबकि नाली चोक हो रही है। रुद्रप्रयाग नगर में बेलनी पुल के अलावा, बोहरा नर्सिंग होम पहुंच मार्ग के समीप बारिश का पानी बड़ी मात्रा में जमा हो रहा है इससे हाईवे से लगे स्थानीय व्यापारी एवं भवन स्वामियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को इस स्थान को पार करना मुश्किल हो रहा है। बीती सांय से हो रही बारिश के कारण यहां जल भराव की स्थिति बनी रही जिससे हाईवे पर चलने वाले वाहनों के साथ ही पैदल चलने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी प्रदीप चौधरी, प्रकाश बिष्ट, ताजवर सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, यशवंत बिष्ट, विपिन वर्मा आदि ने कहा कि हाईवे पर कई जगहों पर आए दिन बरसाती पानी जमा हो रहा है। साथ ही नाली में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है। नाली बंद होने से यहां कई जगहों पर चोक होने की आशंका है जिससे नगर में बरसाती एवं नाली का गंदे पानी सड़क पर जमा हो रहा है जिससे व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही आवासीय भवनों को खतरा पैदा हो रहा है।

# राज्यपाल ने की तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और अन्य अधिकारियों के संग बैठक



देहरादून। संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्तराखण्ड के तीन विश्वविद्यालयों में कोचिंग सेंटर शुरू किए जा रहे हैं।

इन कोचिंग सेंटरों में छात्रों से सिविल सेवा की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी जिसमें लड़कियों और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को वरीयता दी जाएगी। कोचिंग सेंटर दून विश्वविद्यालय देहरादून, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर और श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के ऋषिकेश कैंपस में संचालित होंगे। यह कोचिंग सेंटर माह अक्टूबर से संचालित किए जाने प्रस्तावित हैं।

कोचिंग सेंटर प्रारंभ किए जाने के संबंध में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को राजभवन में तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और अन्य अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड से संघ लोक सेवा आयोग में बहुत कम संख्या में बच्चे उत्तीर्ण रहे हैं। उत्तराखण्ड अपने आप में शिक्षा और अध्ययन का केंद्र रहा है हमें 15–20 बच्चों के सिविल सेवा में निकलने से संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उत्तराखण्ड से सिविल सेवाओं में अधिक से अधिक छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण हों, इसके लिए उन्हें उचित मार्गदर्शन और तैयारी कराया जाना जरूरी है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहां बेहद प्रतिभावान छात्र–छात्राएं है लेकिन वे संसाधनों और अन्य कारणों से इन परीक्षाओं में प्रतिभाग नहीं कर पाते हैं। इसको देखते हुए ऐसे प्रतिभावान और सिविल सेवाओं में रूचि रखने वाले बच्चों के लिए तीन विश्वविद्यालयों में कोचिंग सेंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। इन सेंटरों में बच्चों के लिए बेहद रियायती शुल्क में उन्हें तैयारी कराई जाएगी। सेंटरों में विषय विशेषज्ञ अध्यापक छात्रों की कक्षाएं लेंगे। इसके साथ–साथ सेंटरों में छात्रों को तैयारी हेतु देश में अग्रणी श्रेणी के संस्थानों के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी।

राज्यपाल ने तीनों कुलपतियों को इन सेंटरों के प्रारंभ एवं संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माह अक्टूबर से कोचिंग सेंटर प्रारंभ किया जाना है इसके लिए जो भी कार्यवाही की जानी है उन्हें यथासमय पूर्ण कर लें। कोचिंग सेंटर में प्रवेश हेतु परीक्षा, शुल्क इत्यादि का निर्धारण, विशेषज्ञ शिक्षकों की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने को कहा।

इस बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति दून विश्वविद्यालय, प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति श्री देव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन. के. जोशी एवं विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल बी. पी. नौटियाल उपस्थित रहे।

# शिवालिक नगर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिद्वार। राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने शिवालिक नगर की पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई शहर कार्यकारिणी घोषित की। शिवालिक नगर में हुई बैठक मे शहर अध्यक्ष अमितोष त्यागी, महामंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अक्षय देश-्वाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीपी सिंह, विवेक चौहान, रविंद्र कुमार व सचिव अंकित सक्सेना को घोषित किया गया। बैठक में सरकार से व्यापारी आयोग बनाने की मांग दोहराई गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनीत धीमान व संचालन प्रदेश महामंत्री सुदीश श्रोत्रीय ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला महामंत्री संजय सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष और प्रभारी रुड़की संगीता बंसल, ललित बजरंगी, शहर अध्यक्ष ज्वालापुर हरविंदर सिंह, आशीष पंवार, पुष्पेंद्र गुप्ता, अरविंद कुमार आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।



## बीआरओ के एडीजी हरेन्द्र कुमार ने की सीएम धामी से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में बीआरओ के एडीजी श्री हरेन्द्र कुमार ने शिष्टाचार भेंट की।

## बढ़ती महंगाई, अंकिता हत्याकांड, मणिपुर हिंसा के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

**श्रीनगर गढ़वाल** : शहर कांग्रेस कमेटी श्रीनगर ने बढ़ती महंगाई, अंकिता भंडारी हत्याकांड, मणिपुर हिंसा के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी की। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त होने के मामले में भी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल के नेतृत्व में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आज जनता त्रस्त है। कहा अंकिता भंडारी हत्याकांड पर अभी तक कोई फैसला नहीं आ पाया है। अंकिता के माता-पिता अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आरोप लगाया कि भाजपा हत्यारों को बचाने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जब से देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से महंगाई चरम पर पहुंच गई है। पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है।

भाजपा सरकार को गरीब जनता एवं मजदूरों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा पर सरकार खामोश बैठी हुई है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में पीसीसी सदस्य विरेंद्र सिंह नेगी, मोहन गायत्री, संजय कुमार, परवेज अहमद, शमीम अहमद, विनोद मैठाणी, शिव लाल, रजनी देवी, भगत डागर, अमित धनाई, वाईएस पंवार, सुधा तिवारी, सुमन आनंद, चंद्र सिंह नेगी, मनोज कुमार, अरुण नेगी, जामिन अंसारी सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दहशत में डाल रहा पनियाली गदेरा, मुंह चिढ़ा रहे अतिक्रमण पर लगे निशान

### चार वर्ष बाद भी पनियाली गदेरे को नहीं किया गया अतिक्रमण से मुक्त

### प्रत्येक वर्ष बरसात में तांडव मचाता है नगर से गुजरने वाला पनियाली गदेरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लगता है सरकारी सिस्टम को आमजन की जिंदगी से कोई मतलब नहीं रह गया है। तभी तो चार वर्ष पूर्व पनियाली गदेरे के आसपास चिह्नित किए गए अतिक्रमण को अब तक नहीं हटाया गया है। जबकि, पूर्व में पनियाली गदेरा कई जिंदगियां भी लील चुका है। बरसात होने पर गदेरा उफान पर बह रहा है। जिससे आसपास के परिवारों की सांसे अटकी हुई हैं। कब यह गदेरा जान-माल पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। वर्तमान में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है।

घाड़ क्षेत्र के जंगलों से आने वाला पनियाली गदेरा कोटद्वार नगर क्षेत्र के करीब तीन किलोमीटर हिस्से में शहर के बीच से होकर गुजरता है। प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान यह गदेरा शहर में कहर बरपाता है। जिससे, शहरवासियों को जान-माल का नुकसान झेलना पड़ता है। दशकों पूर्व 16 मीटर चौड़ाई वाला यह गदेरा अतिक्रमण से केवल 6 से 7 मीटर तक ही रह गया है।

> पनियाली गदेरे के आसपास चिह्नित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। जन सुरक्षा को देखते हुए जल्द ही प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की भी कार्रवाई शुरू की जाएगी।.
>
> **..अजय जोन, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग**

#### गदेरे में डालते हैं गंदगी

एक ओर जहां पनियाली गदेरा अतिक्रमण से सिकुड़ रहा है वहीं, क्षेत्रवासियों ने इसे कूड़ा दान भी बना दिया है। आमपड़ाव, सिताबपुर क्षेत्र में हर रोज सैकड़ों टन गंदगी नाले में डाली जा रही है। यही नहीं गदेरे से सटे हजारों घरों का सीवर भी इस गदेरे में गिर रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले दो दशकों में दो-तीन मर्तबा गदेरा अपना विकराल रूप दिखा कई जदगियां भी लील चुका है। बावजूद इसके आमजन भी गदेरे के संरक्षण को लेकर लापरवाह बना हुआ है।



**कोटद्वार में पनियाली गदेरे में अतिक्रमण की जद में आए भवन पर लगा निशान**

वर्ष 2020 में सिंचाई विभाग व प्रशासन ने गदेरे के आसपास 140 अतिक्रमण चिह्नित किए थे। बकायदा भवनों पर लाल निशान भी लगाए गए। लेकिन, निशान लगाने के बाद सिंचाई विभाग व प्रशासन ने आगे की कार्रवाई नहीं की। नतीजा सरकारी सिस्टम की इस लापरवाही से सैकड़ों परिवारों को जानमाल का खतरा बना हुआ है। बरसात सिर पर आते ही पनियाली गदेरे से आमपड़ाव, मानुपुर, सिताबपुर, काशीरामपुर मल्ला, कौड़िया और बालासौड़ क्षेत्र के परिवारों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

## सुभदा देवी पांथरी के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट ने डा. नंदकिशोर ढौंडियाल की बुआ 94 वर्षीय सुभदा देवी पांथरी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस दौरान सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों की पदमपुर सुखरौ स्थित ट्रस्ट कार्यालय में हुई बैठक में शोक व्यक्त किया गया। समाजसेवी सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि स्व. सुभदा पांथरी के अंदर बचपन से ही समाजसेवा व धार्मिकता के बीज अंकुरित हो गए थे।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई निर्धन बच्चों को सहयोग दिया व उनका मार्गदर्शन किया। शोक सभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल आर्य, संरक्षक चक्रधर शर्मा, कै. पीएल खंतवाल, डॉ. मनोरमा ढौंडियाल, शूरबीर खेतवाल, चंद्रप्रकाश नैथानी, श्यामप्रसाद कोटनाला, सुभाष पांथरी, जगदीश प्रसाद भारद्वाज, पूरण चन्द्र ढौंडियाल, मंजुल ढौंडियाल आदि मौजूद रहे।



**फाइल फोटोः स्व. सुभदा देवी पांथरी**

## कर्मचारियों को हटाने पर आंदोलनकारी ने जताया रोष

**कोटद्वार** : कोरोना काल के दौरान प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में नियुक्त कर्मचरियों को हटाने पर उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी विक्रम सिंह ने रोष व्यक्त किया है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि लगभग पांच माह पूर्व हटाए गए कर्मचारियों को अभी तक सेवा में नहीं लिया गया है, जिस कारण उनके सम्मुख आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। कहा कि कोरोना काल में इन कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की, लेकिन कोविड समाप्त होने के बाद इन कर्मचारियों को सेवा से बाहर कर दिया गया, जो अनुचित है। इन कर्मचारियों को वापस सेवा में लिया जाना चाहिए।

## दिव्यांगों को सहकारी समिति में सौंपी जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सहकारिता विभाग जिले के दिव्यांगों को सहकारिता से जोड़ने का काम कर रहा है। जिले के जिला सहायक निबंधक पान सिंह राणा द्वारा दिव्यांग कांता प्रसाद, प्रीतम, यशपाल सिंह को सहकारी समिति का सदस्य बनाते हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही सहकारिता के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। बताया कि किसान, साधन सहकारी समिति लि, नांदलसू में भी दिव्यांगों को सदस्य बनाया जा रहा है। साथ ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का आश्वासन दिया गया है। इस मौके पर सहकारी निरीक्षक प्रेम कुमार, एडीओ राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## शहर की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग

**पौड़ी** : नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने जिलाधिकारी से शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग की। समिति ने डीएम को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति ने जिलाधिकारी से मुलाकात करते हुए शहर में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पौड़ी-बुआखाल मोटरमार्ग का चौड़ीकरण करने, छोटे दुपहिया वाहनों के लिए समुचित पार्किंग बनाने, बस स्टेशन में प्रतिक्षालय से अतिक्रमण को हटाते हुए यहां पर व्यवस्थाएं ठीक करने की मांग उठाई। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि शहर में आने वाले मजदूरों, फेरीवालों, फडवालों व अन्य बाहरी लोगों का नगर पालिका में पंजीकरण की व्यवस्था के साथ ही सत्यापन किया जाए। कहा कि शहरवासी बंदरों के आतंक से परेशान है। आए दिन बंदर हमला कर लोगो को घायल कर रहे है। समिति के पदाधिकारियों ने शहरवासियों को बंदरों व गुलदार के आंतक से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने, रांसी स्टेडियम के पास स्थित पर्यटक आवास गृह के निर्माण की गुणवत्ता में सुधार करते हुए इसे गढ़वाल मंडल विकास निगम को हस्तांतरित करने, शहर में घूम रहे आवारा पशुओं को कांजी हाउस में भेजने की मांग उठाई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव गब्बर सिंह नेगी, अनीता रावत, संजना गुजराल आदि शामिल थे।

# समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर पूर्व सैनिक नाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि जनप्रतिनिधियों को शहर के विकास के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

इस संबध में अपर कालाबड़ स्थित परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार विधानसभा की समस्याओं का निस्तारण न होने से आम जनता में रोष बढ़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को कठोर निर्णय लेने होंगे। कहा कि वर्तमान में कोटद्वार विधान सभा कूड़ा निस्तारण, बेसहारा गौवंश और यातायात अव्यवस्था सहित कई समस्याओं से जूझ रही है। आरोप लगाया कि अगर समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रयास किए भी जा रहे हैं तो कुछ लोग उसमें बाधा पैदा कर रहे हैं। इसलिए विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष से क्षेत्र की समस्याओं को तेजी से निस्तारित करने की अपील की गई। बैठक में जीके बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, अनूप बिष्ट, विनोद ध्यानी, हसवंत सिंह, बलवान सिंह, एसके नौगांई, आरसी शर्मा, राजेंद्र सिंह और महेंद्र सिंह सहित परिषद के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## छात्र कर सकेंगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ शार्ट टर्म कोर्स : अवस्थी

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर में गढ़वाल विवि, केंद्रीय विद्यालय, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एनईपी की समझ शीर्षक पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा में युवा पीढ़ी को अधिक कुशल, आत्मविश्वासी, व्यावहारिक और गणनात्मक बनाने का लक्ष्य निहित है। कहा एनईपी के तहत एनआईटी के छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ गढ़वाल विवि से विभिन्न विषयों में शार्ट टर्म कोर्स भी कर सकेंगे। प्रो. अवस्थी ने एनआईटी उत्तराखंड में एनईपी के क्रियान्वयन के लिए किए गए कार्यों कि जानकारी देते हुए कहा कि अभी तक शोधगंगा पोर्टल पर संस्थान से अब तक निर्गत कुल पर 19 पूर्ण पाठ्य पीएचडी थीसिस को अपलोड किया जा चुका है, एकेडमिक बैंक क्रेडिट के तहत एनआईटी उत्तराखंड द्वारा अब तक 469 अकाउंट बनाए जा चुके हैं। कहा डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म को अपनाते हुए स्नातक छात्रों के डिग्री एवं प्रमाण पत्र अब डिजिलॉकर में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कहा एनआईटी भविष्य में स्कूल टीचर्स और बच्चों के लिए एनईपी के सफलता पूर्वक कार्यान्वयन के लिए लघु वीडियो प्रतियोगिता आयोजित करने की योजना पर कार्य कर रहा है। इस मौके पर एनआईटी डीन लालता प्रसाद, रजिस्ट्रार धर्मेंद्र त्रिपाठी, डायट के शिव कुमार भारद्वाज, केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष भट्ट, कौशल विकास से अर्चना सजवाण, महीप सिंह आदि ने जानकारी दी। डा. नितिन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डा. रेनू बडोला डंगवाल ने किया। (एजेंसी)

## महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : बढ़ती महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेसियों ने पौड़ी में प्रदर्शन किया। इस दौरान टमाटर, प्याज आदि सब्जियों की माला बनाकर केंद्र सरकार के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला भी फूंका।

बढ़ती महंगाई को लेकर अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कांग्रेसी स्व. एचएन बहुगुणा प्रतिमा स्थल पर एकत्रित हुए। उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। टमाटर, प्याज आदि सब्जियों की माला बनाकर पुतले को पहनाई गई। इस दौरान पदाधकारियों ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तो भाजपाई सड़क पर उतरकर हर रोज प्रदर्शन करते थे, लेकिन अब उन्हीं की सरकार में महंगाई से आम जनता त्रस्त है और सरकार कुछ नहीं कर पा रही है। सब्जियों के दाम हर रोज बढ़ रहे है, ऐसे में आम आदमी का आर्थिक बोझ बढ़ता ही जा रहा है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव आशीष नेगी आदि ने कहा कि महंगाई की मार सीधे गरीब आदमी पर पड़ रही है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि महंगाई पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाए। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भरत रावत, विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस संजना गुजराल, छात्रसंघ सचिव मुकुल पंवार, युवा कांग्रेस नगराध्यक्ष अंकित सुंदरियाल, सभासद अनिता रावत, सोनू, अमन सिद्दकी, मनमोहन आदि शामिल रहे।

# कभी भुलाया नहीं जा सकता शहीदों का योगदान

### 17 वीं गढ़वाल राइफल्स सेनानी समिति की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 17वीं गढ़वाल राइफल्स सेनानी समिति की ओर से कारगिल बटालिक ऑनर-डे शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान समिति ने शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए सैनिकों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

शुक्रवार को भाबर क्षेत्र के अंतर्गत नींबूचौड़ स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल ओम प्रकाश फर्स्वाण (से.नि.) ने किया।

उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों को बटालिक ऑनर डे की बधाई दी। समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश प्रसाद पोखरियाल व सेवानिवृत्त कैप्टन शिव प्रसाद चमोली ने बटालियन के गौरवमयी इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कहा कि कारगिल युद्ध में एक मेजर, एक जेसीओ समेत 19 जवान शहीद हुए थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कारगिल शहीद हवलदार मदन सिंह की पत्नी जीना देवी, वीर नारी शहीद हवलदार सोवन सिंह की पत्नी सुषमा देवी, स्व. हवलदार महेश चंद्र भट्ट की पत्नी शांति देवी, शहीद हवलदार अनूप सिंह की पत्नी सुमित्रा देवी व घायल सैनिक कैप्टन जगदीश प्रसाद पोखरियाल व हवलदार प्रेम सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में धर्म गुरु सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश प्रसाद जखमोला, सेवानिवृत्त सूबेदार रमेश सिह, दयानंद भट्ट, महिपाल सिंह, रघुवीर सिंह, सुधीर खंतवाल, प्रेम सिंह, पान सिंह, मेहरबान सिंह गैरोला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव भारत भूषण बलूनी ने किया।



**गौरव सैनानी समिति के कार्यक्रम में मौजूद सदस्य**

# विद्यालयों में पीटीएम की बैठक हर माह करवाएंः डीएम

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) की कार्यक्रम परामर्शी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि संस्थान शिक्षा एवं प्रशिक्षण को लेकर मुख्य बातों पर फोकस करें। बच्चों के भविष्य को लेकर जागरूक रहते हुए कार्ययोजनाओं को अंजाम दें। शुक्रवार को जिला सभागार में आयोजित डायट की बैठक में डीएम ने डायट के अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि कम परिणाम प्रतिशत वाले स्कूलों में गतिविधियां बढ़ायें। अच्छा आउटपुट देने वाली गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से संचालित करें। समय–समय पर इसकी समीक्षा के बाद उचित कदम उठायें। सीईओ को निर्देशित कर कहा कि माह में एक बार सभी विद्यालयों में पीटीएम करवाना सुनिश्चित करें। अच्छा काम करने वाले शिक्षकों के उत्साहवर्धन के लिए कम परिणाम प्रतिशत वाले स्कूलों में भेजें, साथ ही स्कूलों के संबंध में शोध कर सुधार लाना सुनिश्चित करें। बच्चों की पढ़ाई में दिलचस्पी बढ़े, भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़े, इसके लिए हेतु लाइब्रेरी में रखी जाने वाली पुस्तकों में वैरायटी लायें। साथ ही मोबाइल लैब वाहन संचालन। अच्छा काम करने वाले किसानों के पास बच्चों को ले जाकर भ्रमण कराना। समय–समय पर विभिन्न शिक्षा संगठनों व एनजीओ के साथ समीक्षा बैठक की करें। डायट के अधिकारियों ने डायट की वार्षिक कार्ययोजना एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए प्रस्तावित बजट की स्थिति से अवगत कराया।



## नाबालिग को भगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

चमोली। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोपी मोहम्मद जुबैर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को एक महिला ने कोतवाली कर्णप्रयाग में तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। नाबालिग लड़की नेपाल मूल की बतायी गई है। नाबालिग की माता की तहरीर के आधार पर कोतवाली कर्णप्रयाग में तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामला नाबालिग व गंभीर प्रवृत्ति का होने के कारण पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी व नाबालिग की सकुशल बरामदगी हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित करने के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्णप्रयाग को निर्देश दिया। गठित पुलिस टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये कुशल सुरागरसी पतारसी करते हुए आरोपी मोहम्मद जुबैर पुत्र नूरअली निवासी श्रीवास्तव गली मोहल्ला अमननगर थाना–मोवा, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ उम्र 21 वर्ष को अभियोग पंजीकृत होने के मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया।

# कांवड़ यात्रा की व्यवस्था जांचने मैदान में उतरे एसपी

उत्तरकाशी। एसपी अर्पण यदुवंशी गंगोत्री यात्रा मार्ग पर कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे।

उन्होंने कांवड़िए और भंडारा संचालकों से मुलाकात कर हालचाल जाना और यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया।

साथ ही एसपी ने वाहनों में लाउडस्पीकर से ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण की हिदायत दी। बीते 4 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। गंगोत्री और गोमुख आदि स्थानों पर देश के विभिन्न राज्यों से कांवड़ भक्त गंगा जल लेने उत्तरकाशी जनपद में पहुंच रहे हैं। कांवड़ यात्रा के बेहतर संचालन को लेकर जनपद पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने शुक्रवार को यात्रा रूट पर जाकर कांवड़ियों और भंडारा संचालकों से मिलकर कहा कि सुरक्षित औ सुचारु यात्रा करवाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।

व्यवस्था का जायजा लेने मैदान में उतरे एसपी ने लक्षेश्वर, तेखला, गंगोरी, गणेशपुर, नेताला, हीना, मनेरी आदि रूटों का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों को सतर्कता एवं सेवा भाव से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। भण्डारा संचालकों को आस–पास साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने, कूड़े को बेतरतीब न फेंकने, रोड पर अनावश्यक जाम न लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने हीना यात्री पंजीकरण केन्द्र का निरीक्षण भी किया। कांवड़ियों को जागरूक करते हुये उन्हें दोपहिया वाहन में सदैव हेलमेट का प्रयोग करने, बरसात के चलते सुरक्षित स्थानों पर रुकने, वाहनों को तेज गति में न चलाने, रात्रि में अनावश्यक यात्रा न करने, प्रेशर हार्न का प्रयोग न करने, दोपहिया वहानों के साइलेंसर न हटाने, लाउडस्पीकर की ध्वनि कम रखने, यातायात नियमों का पालन करने तथा रोड पर जाम की स्थिति पैदा न करने की हिदायत दी।

# वरिष्ठ साहित्यकार एवं रंगकर्मी त्रिभुवन गिरि महाराज को किया सम्मानित



अल्मोड़ा : विहान सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अल्मोड़ा के रंगकर्मियों द्वारा नगर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं रंगकर्मी त्रिभुवन गिरी महाराज को 30 जून 2023 को उत्तराखंड सरकार द्वारा साहित्य क्षेत्र में गुमानी पंत सम्मान मिलने पर श्री लक्ष्मी भंडार हुक्का क्लब के मुख्य सभागार में त्रिभुवन गिरी महाराज का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं युवा रंगकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी नरेश बिष्ट द्वारा त्रिभुवन गिरी महाराज के लिखे लोक नाटकों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया समय-समय पर युवा रंगकर्मियों को लेखन के क्षेत्र में महाराज द्वारा सहयोग प्राप्त होता रहता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि त्रिभुवन गिरी महाराज द्वारा कई लोकगीत कई खंडकाव्य और कई लोक नाटकों की रचना की गई है, उत्तराखंड सरकार द्वारा त्रिभुवन गिरी महाराज को पुरस्कृत करना एक सराहनीय कदम है। साथ ही साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य साहित्यकारों को भी उत्तराखंड सरकार द्वारा भविष्य में सम्मानित करे जाने की बात कही गई। कार्यक्रम में त्रिभुवन गिरी महाराज के जीवन से जुड़ी हुई बातें युवा रंगकर्मियों को बताई गई। नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं दिशा बाल रंग के संयोजक मनमोहन चौधरी ने बताया कि 30 वर्षों से दिशा बाल रंग कार्यशाला में बच्चों के लिए कई नाटकों एवं कई गीतों की रचना त्रिभुवन गिरी महाराज द्वारा की गई।

## बारिश से सितारगंज की सड़कें जलमग्न, लोग परेशान

रुद्रपुर : मूसलाधार बारिश से सितारगंज नगर क्षेत्र जलमग्न हो गया है। नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग के दावों के विपरीत पानी नालों के बजाय सड़कों पर बहता रहा। मीना बाजार मार्ग पर तो सड़कें जलमग्न होने से कई दुकानदार दुकानें भी नहीं खोल पाए। बारिश से खटीमा और किच्छा मार्ग भी जलमग्न हो गए। रामलीला मैदान में भी जलभराव होने से दुकानदार दुकानें नहीं खोल पाए। एसडीएम कार्यालय परिसर में भी पानी भर गया। अस्पताल परिसर में जलभराव होने से मरीजों व तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका प्रशासन ने तलीझाड़ सफाई के दावे किए थे, लेकिन बारिश में पानी निकासी के इंतजाम नहीं दिखे। मीना बाजार, खटीमा मार्ग और सिडकुल बाईपास पर नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहा। (एजेंसी)

# सड़क बनी ट्रक पार्किंग, जनता परेशान



अल्मोड़ा : नगर के जाखनदेवी लक्ष्मेश्वर क्षेत्र में रोज शाम से लेकर सुबह तक रोड पर व्यवसा-ईयों के ट्रक व अन्य वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं। कितनी बार इस संबंध में पुलिस प्रशासन से कहा गया है लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। सड़क किनारे खड़े यह वाहन आने जाने वाले वाहनों के लिए दिक्कत पैदा कर रहे हैं जिसके चलते जाम की समस्या हो रही है। सड़क में जगह कम होने के चलते एक तो यह सड़क दिन में बंद रहती है और वहीं, रही सही कसर सड़क किनारे खड़े यह ट्रक और अन्य वाहन पूरी कर देते हैं। दिन भर आईसीआईसीआई बैंक से लेकर लक्ष्मेश्वर तक की यही स्थिति है। यदि गोदामों में माल उतारने वाले ट्रक दिन भर यहीं खड़े रहेंगे तो इस सड़क को वन वे करने का कोई फायदा नहीं रह जाएगा। प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक इस सड़क पर काफी ट्रैफिक रहता है। ऐसे में चाहिए कि इस समय पर कोई भी ट्रक, कार सड़क के किनारे ना खड़ी हो।

# सहायक अभियंता से हुई मारपीट



अल्मोड़ा : विगत दिनों लोहाघाट में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के साथ एक नेता के द्वारा मारपीट की घटना सामने आई है जिससे कर्मचारियों में काफी उबाल है।

इस घटना के विरोध में शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने विभाग के मुख्य कार्यालय में काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार किया तथा चेतावनी दी कि जब तक गुंडई करने वाले नेता पर कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती, तब तक कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग रहेंगे। धरना प्रदर्शन में अपने संबोधन में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जिस राज्य को बनाने के लिए हम सभी सरकारी कर्मचारियों ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया आज उसी राज्य में सरकारी कर्मचारियों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार हो रहा है। बड़ा सोचनीय विषय है कि सरकारी कर्मचारी आज अपनी पेंशन के लिए आंदोलन कर रहा है, अपने हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रहा है और उसके साथ ही अब उसे अपनी जान माल की सुरक्षा की चिंता भी सता रही है। क्योंकि ऐसे छुटभय्ये नेता अब बेलगाम हो गये हैं। कर्मचारियों ने कहा कि इन छुटभय्ये नेताओं के द्वारा उनके साथ आए दिन ऐसी घटनाएं की जा रही है जो काफी शर्मनाक है। कर्मचारियों ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर इन बाहुबली नेताओं को उखाड़ फेंकना आज बेहद आवश्यक हो गया है और इसी क्रम में आज लोक निर्माण विभाग के सभी कर्मचारी आंदोलन को मजबूर हुए हैं और जब तक चंपावत के इस गुंडई करने वाले छुटभय्ये नेता पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक कर्मचारी आंदोलनरत रहेंगे। (एजेंसी)

## चेक बाउंस के मामले में आरोपी को एक वर्ष की सजा

काशीपुर : एसीजे तृतीय की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष के साधारण कारावास तथा डेढ़ लाख रुपए प्रतिकर व जुर्माने की सजा सुनाई है। मोहल्ला खत्रियान निवासी नीरज कुमार ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से परिवाद दायर किया था कि मोहल्ला अल्ली खां निवासी माजिद खान पुत्र वाजिद खान को उसने 22 जनवरी 2019 को एक लाख रुपए नकद उधार दिए थे। सात-आठ माह बाद उसने अपनी रकम के लिए तकादा किया, तो माजिद ने उसे एक लाख की राशि का चेक दे दिया। लेकिन चेक बाउंस हो गया। नोटिस का भी माजिद ने कोई जवाब नही दिया। परिवाद दायर होने पर अदालत ने आरोपी को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का परीशीलन कर तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी माजिद को एनआई एक्ट का दोषी माना।

# संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों की जांच की मांग उठाई



अल्मोड़ा : नगर में फर्जी आईडी और गलत नाम के सहारे रह रहे बाहरी व्यक्तियों की सघन जांच कर ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग नगर व्यापार मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की। नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील शाह ने बताया कि जिस तरीके से आज प्रदेश में बाहरी व्यक्तियों द्वारा आए दिन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है उसके लिए यह जरूरी है कि इन बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन सही तरीके से किया जाए। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा नगर में रहने वाले बाहरी व्यक्तियों के सही तरीके से सत्यापन और जांच की मांग को लेकर एक शिष्टमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान नगर में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन और फर्जी तरीके से रहने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की गई और कहा कि नगर में जो भी व्यक्ति गलत पहचान, गलत नाम से रह रहा है उसको तुरंत नगर से बाहर किया जाए। उन्होंने बताया कि कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा बाहरी लोगों के स्थाई प्रमाण पत्र भी बनाए जा रहे हैं, इसकी जांच कर शीघ्र उन पर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही जो भी मकान मालिक बिना सत्यापन बिना आईडी के मकान-दुकान दे रहा है उस पर भी कार्यवाही की जाए। साह ने कहा कि ये वह लोग है जिनका कोई भी स्थाई पता नहीं है, ये व्यक्ति बाहरी राज्य, बाहरी जनपद से हैं और पहचान पत्र में अल्मोड़ा का पता है, ये अगर कोई भी वारदात को अंजाम देते हैं तो इन का पकड़ा जाना नामुकिन है। मुलाकात करने वालों में अल्मोड़ा नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह, सभासद और नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अमित साह मोनू, व्यापार मंडल उपसचिव अमन नज्जोन, नरेंद्र बिष्ट, सोनू वर्मा, बलवंत राणा, नीरज बोरा आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# अधिकारियों की मिलीभगत से तालाबों की खुदाई के नाम पर करोड़ों का घोटाला किया : बेहड़



रुद्रपुर : किच्छा से विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तिलकराज बेहड़ ने कहा है कि किच्छा में खनन माफिया ने एनएचएआई के सरकारी दस्तावेजों की आड़ में 40 लाख की मिट्टी खोदकर बेच दी। जबकि दो लाख रुपये से भी कम की रॉयल्टी जमा की गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकारी तालाबों की खुदाई के नाम पर अधिकारियों से मिलीभगत कर करोड़ों का घोटाला किया गया है। उन्होंने किच्छा क्षेत्र में खोदे गए सभी तालाबों की जांच की मांग की है। शुक्रवार को इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी उदयराज सिंह को ज्ञापन दिया।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा के ग्राम महाराजपुर के समीप राजस्व ग्राम श्रीपुर में एक तालाब खुदान का कार्य चल रहा था। यह कार्य सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, एनएचएआई के नाम से कराया जा रहा था। इसकी रॉयल्टी चार्ज लगभग 2 लाख रुपये से भी कम जमा कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाब खुदान का कार्य सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को दरकिनार कर किया जा रहा था। मानकों के आधार पर 1000 घन मीटर के क्षेत्रफल पर खुदान होने की परमिशन ली गयी थी, लेकिन इसकी आड़ में इसका 20 गुना खुदान कर दिया गया।

## मौसम अलर्ट के बीच प्रतियोगी परीक्षा कराना छात्रों के साथ खिलवाड़

पिथौरागढ़ : यूथ कांग्रेस ने प्रदेश में मौसम अलर्ट के बीच प्रतियोगी परीक्षा कराना छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ बताया है। शुक्रवार को युकां जिलाध्यक्ष अभिषेक बोहरा ने कहा कि राज्य में नौ जुलाई को भर्ती परीक्षा होनी है, लेकिन इन दिनों राज्य भर में जगह-जगह बारिश हो रही है। भूस्खलन होने से कई सड़कें भी बंद हैं। स्वयं सरकार ने मौसम को देखते हुए अलर्ट घोषित किया है। ऐसे में परीक्षा कराना कहां तक सही है। कई परीक्षार्थियों के लिए सड़क बंद होने से परीक्षा केंद्र तक पहुंचना भी चुनौती बना हुआ है। बोहरा ने कहा कि अगर किसी भी परीक्षार्थी के साथ अप्रिय घटना घटती है तो इसके पूरी जिम्मेदारी सरकार और आयोग के अधिकारियों की होगी। (एजेंसी)

# अधिशासी अभियंता पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

नैनीताल : हाईकोर्ट ने देहरादून के सहस्त्रधारा में पानी की पाइपलाइन बिछाने के टेंडर में अनियमितता पर अधिशासी अभियंता पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने ईई को फटकार लगाते हुए काम के तरीके पर भी नाराजगी व्यक्ति की। वहीं पहले जारी टेंडर को सही मानते हुए ठेका याचिकाकर्ता को देने के आदेश दिए हैं।

वहीं दो सप्ताह के भीतर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जुर्माना जमा करने को कहा है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान टेंडर कमेटी के सभी सदस्यों के साथ अधिशासी अभियंता जल संस्थान पूरे ओरिजनल रिकॉर्ड के साथ हाईकोर्ट में पेश हुए। दरअसल, जल संस्थान ने सहत्रधारा में पानी की लाइन बिछाने का टेंडर जारी किया और एक मई को टेंडर खोलकर 27 मई को इसे अपलोड भी कर दिया। बाद में 30 मई को इसे निरस्त कर दिया। 6 जून को एक बार फिर से इसी कार्य के लिए टेंडर निकाला गया। इस मामले को उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता विजय प्रकाश ने चुनौती दी। जिस पर जल संस्थान की ओर से कहा गया कि न्यूनतम बिड नहीं आई, जिसके चलते टेंडर को निरस्त कर दिया था। पूर्व में कोर्ट ने पूछा था कि जब बिड नहीं थी तो वित्तीय बिड कैसे खोल दी गई। पूरे रिकार्ड के साथ टेंडर कमेटी व अधिशासी अभियंता कोर्ट में पेश होने को कहा गया था। जिस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया। (एजेंसी)

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका मोदी सरकार का पुतला

काशीपुर : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को राजनैतिक द्वेष भावना के चलते झूठे केसों में फसांए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार का पुतला फूंका। शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता एमपी चौक पर एकत्र हुए। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का काम कर रही है। देश में भारी संख्या में युवा और महिलाएं राहुल गांधी की विचारधारा से जुड़े हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद से भाजपा के खेमे में हताशा और निराशा का माहौल है। ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में हार की संभावना के भय से राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने पीएम मोदी का पुतला फूंका

पिथौरागढ़ : गुजरात हाई कोर्ट के मोदी सरनेम मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ फैसला बरकरार रखने से कांग्रेसी आक्रोशित है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक षड्यंत्र के तहत मोदी सरकार कांग्रेस नेता के खिलाफ साजिश रच रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया।शुक्रवार को नगर के सिल्थाम तिराहे में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पुतला जलाया। जिलाध्यक्ष अंजू ने कहा कि यह न्याय नहीं है बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। कहा कि राहुल गांधी एक महान नेता हैं जो पूरे देश को एकजुट करने के लिए लड़ रहे हैं। जिस प्रकार वह देश-विदेश में लोकप्रिय हो रहे हैं, भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। पूर्व दर्जामंत्री महेद्र लुंठी व पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश पंत ने कहा कि भाजपा तानाशाही पर उतर आई है। कहा भ्रष्टाचार के आरोप में बड़े–बडे अपराधी जिन्हें जेल में होना चाहिये वह मंत्री पद पर बैठे हुए हैं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भुवन जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष त्रिलोक बिष्ट, पीसीसी सदस्य दीपक लुंठी, विण ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार, शंकर लाल, लछमन कुमार, संजय कुमार, दीपू बेलाल, सुंदर कुमार, बलदेव राज, दिगभर सिंह, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु ओझा, हरीश बोरा, सुधीर चौहान, राहुल, अम्मू, रिषु, आदि मौजूद रहे।

## मंडी समितियां बेचेगी राज्य में सस्ता टमाटर

काशीपुर : बाजार में टमाटर की महंगी दरों को देखते हुए मंडी परिषद के निदेशक आशीष भटगई ने राज्य की सभी मंडियों को शनिवार से स्टॉल लगाकर सुबह नौ से 11 बजे तक सस्ते दामों में टमाटर बेचने के निर्देश दिए हैं।

## मेयर ने जलभराव की स्थिति का लिया जायजा

रुद्रपुर : शहर में लगातार बारिश को देखते हुए मेयर रामपाल सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया।

मेयर ने सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल को रेस्क्यू टीम बनाने और टोल फ्री नंबर जारी करने के साथ पर्यावरण मित्रों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए। शुक्रवार को मेयर रामपाल ने वार्ड नंबर पांच, छह और 39 आदि निचले स्थानों पर पार्षद निमित शर्मा, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा और वार्डवासियों के साथ जलभराव का स्थलीय निरीक्षण किया।

# मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे होते हैं मानव तस्करी का शिकार



अल्मोड़ा : स्पर्धा संस्था के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन सब सेंटर सल्ट अल्मोड़ा द्वारा सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के सेक्टर मुख्यालय अल्मोड़ा में मानव एवं बाल तस्करी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल एवं भारत भूटान सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों एवं अधिकारियों को सीमा के आरपार बड़े पैमाने पर होने वाली मानव तस्करी एवं बाल तस्करी के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें इस अमानवीय कृत्य की रोकथाम के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में सेक्टर हेड क्वार्टर अल्मोड़ा के उप महानिदेशक डीएन बॉम्बे, सेकेंड इन कमांड मनोज सनवाल, डिप्टी कमांडेंट दिवाकर भट्ट, असिस्टेंट कमांडेंट अभ्युदय निंबा सलूखे ने वर्चुअल तथा निरीक्षक अजय सिंह पवार, पांचवी बटालियन चंपावत के डिप्टी कमांडेंट नितिन कुमार सिंह और 11 वीं बटालियन डीडीहाट के डिप्टी कमांडेंट संजीव कुमार सहित कुल 40 अधिकारियों व जवानों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

# 20 जुलाई तक बूथ कमेटियों का कार्य पूर्ण कर लें कार्यकर्ता



अल्मोड़ा : पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज एवं संचालन गीता मेहरा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज ने कहा कि आज जिले से लेकर न्याय पंचायत स्तर तक की कार्यकारिणी की एक महत्पूर्ण बैठक स्थानीय होटल शिखर में संगठन की मजबूती के उद्देश्य से आहूत की गयी है। इस बैठक में ब्लॉक से बूथ स्तर तक कमेटी के गठन के बाबत चर्चा की गयी। भोज ने कहा कि जो भी पदाधिकारी द्वारा संगठन व कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करने में कमी या सहयोग नहीं किया जायेगा उसको बदलने का कार्य किया जायेगा। जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि सभी 20 जुलाई तक बूथ कमेटी का कार्य पूरा कर लें। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से उन्होंने बूथ स्तर पर संघटन को मजबूत करने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर उपस्थित विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि आज बूथ स्तर से लेकर जिले स्तर तक नए लोगों को जोड़ने का कार्य करना है। जिससे संगठन व कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले चुनावों में उसका फायदा मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने कहा कि आज बूथ स्तर से जिले स्तर तक संघटन में सभी कार्यकर्ताओं को जोड़ने की आवश्यकता है। तभी संगठन मजबूत होगा। विदित हो कि जबसे भूपेन्द्र सिंह भोज ने अल्मोड़ा कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कमान सम्भाली है तबसे संगठन को काफी मजबूती मिली है तथा कार्यकर्ताओं में भी एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में विधायक मनोज तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल शोभा जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर पांडेय, पूरन सुप्याल, शिवराज नयाल, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी राधा बिष्ट, किशन लाल जिलाध्यक्ष अनु जाति मोर्चा, दिनेश नेगी जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, प्रभारी मनोज सनवाल, दीवान सतवाल, गोपाल चौहान, नरेंद्र बनौला, नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस दीपा साह, जिला प्रवक्ता निर्मल रावत, पूर्व नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, तारू तिवारी कोषाध्यक्ष, त्रिलोचन जोशी आदि उपस्थित थे। बैठक समाप्त होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिखर तिराहे पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र भोज के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भोज ने कहा कि प्रधानमंत्री के दबाव में गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की सदस्यता के खिलाफ निर्णय लिया। (एजेंसी)

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला समन्वय समति की बैठक



हरिद्वार। अपर जिलाधिकारी श्री पी0एल0 शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला समन्वय समति की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) श्री पी0एल0 शाह को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनीष दत्त एवं डॉ0 सुनील कुमार मौर्य ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार द्वारा मार्च,2018 में शुरू किये गये पोषण अभियान के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक, बच्चों, किशोर–किशोरियों व महिलाओं में अनीमिया के प्रसार को कम करना है। इसके अन्तर्गत प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत अंक तक अनीमिया के प्रसार को कम करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रस्तुतीकरण के दौरान यह भी बताया कि अनीमिया के प्रसार को कम करने में बड़े पैमाने पर चलाये जा रहे साप्ताहिक आयरन–फोलिक एसिड अनुपूरक वितरण कार्यक्रम की महत्वूर्ण भूमिका है। इसके अन्तर्गत स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों में छह माह से 19 वर्ष के बच्चों, किशोरियों को साप्ताहिक आयरन–फोलिक एसिड अनुपूरक का नियमित वितरण कर इनीमिया मुक्त भारत बनाने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं।

अपर जिलाधिकारी द्वारा यह पूछे जाने पर कि निजी स्कूलों में इस कार्यक्रम को संचालित करने की क्या योजना है, के सम्बन्ध में अधिकारियों ने बताया कि साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरक का लाभ निजी संस्थानों में नामांकित बच्चों–कक्षा एक से बारह तक को दिये जाने के उद्देश्य से निजी संस्थानों को भी अब इस कार्यक्रम में शामिल किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके प्रथम चरण में राज्य के दो जनपदों–हरिद्वार व ऊधम सिंह नगर के समस्त निजी स्कूलों में नामाकित सभी बच्चों को साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरक का लाभ आगामी 12 जुलाई से दिया जायेगा। बैठक में अनीमिया के अन्य कारणों के अलावा 15 से 18 वय के बच्चों में जंक फूड को इसका प्रमुख कारण बताया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में अनीमिया मुक्त भारत में स्कूलों की भूमिका, अनीमिया के लक्षण आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) ने बैठक में कहा कि अनीमिया मुक्त भारत हमारे लिये एक चुनौती है, जिसके लिये हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने खान–पान पर भी विशेष ध्यान देना होगा तथा जंक फूड से हमें खुद तथा अपने बच्चों को दूर रखना होगा। इसके स्थान पर हमें पारम्परिक खाद्यान्नों का प्रयोग करना होगा, जिसके लिये सरकार निरन्तर प्रयासरत है।

इस अवसर पर डॉ0 पंकज जैन एसीएमओ, श्री के.के गुप्ता सीईओ, श्री नरेन्द्र हल्दियानी, श्री जगदीश बीईओ, श्री एस.एस.तोमर बीईओ, श्री आशुतोष बोरा डीईओ, श्री राजवीर सिंह डीईओ, सुश्री गीता सैनी, सुश्री मोनिका गुप्ता प्राचार्य, सुश्री आकांक्षा रतूड़ी बीईओ, श्री संजीव जोशी बीईओ, श्री देवेन्द्र सिंह, सुश्री श्वेता दीवान, श्री सोनू चौहान, श्री वचन सिंह, श्री अंकित कुमार, श्री अमित काम्बोज, श्री नरेश कुमार, श्री आशीष कुमार, श्री राहुल शर्मा, श्री श्रवण कुमार सहित सम्बन्धित शिक्षक, प्रधानाचार्य, पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जरूरतमंद बालिकाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया

ऋद्धिकेश। निकुंज धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में तीन माह तक चले निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शुक्रवार को मायाकुंड में निकुंज धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योतिषाचार्य शकुंतला बेलवाल ने ट्रस्ट द्वारा संचालित तीन माह के कंप्यूटर प्रशिक्षण पाने वाली बालिका व महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बस्तियों की जरूरतमंद बालिकाओं व महिलाओं को बेसिक कप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो सराहनीय है। ट्रस्ट के सदस्य दिलीप गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद बालिकाओं के लिए तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स चलाया जा रहा है। जिसके जरिए इन बालिकाओं को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जा रही है। ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कहा कि मायाकुंड क्षेत्र में चले इस प्रशिक्षण सत्र में 10 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष उमा शंकर प्रजापति, मनीष बंडवाल, संजय थपलियाल, कोमल, निवेदन सरकार, सुलोचना थपलियाल, ज्योति डे, मंजू बेलवाल, यशोदा बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

### उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication — दिनांक : 06.07.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/।।/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 59-DRM-MB-23-24 DATE 06.07.2023 | 62-DRM-MB-23-24 DATE 06.07.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता उं.रे. हरदोई -।। के अधीन (14 ऑटो हट बिल्डिंग, 09 नंबर एलसी गेट बिल्डिंग और 01 नंबर टाइप–।।। क्वार्टर के तहत आरएसी–एसपीसी सेक्शन में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य के संबंध में एबीएस बिल्डिंग, एलसी गेट्स गुमटी और 01 टाइप–3 क्वार्टर का प्रावधान) का कार्य। | सहायक मंडल अभियंता उं.रे. हरदोई -। के अधीन ब्रिज संख्या 857 DN, 863 DN and 830 DN पर पुनर्निमाण का कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 01.08.2023 16:00 | 01.08.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,95,39,781.56 | 1,49,73,521.68 |
| धरोहर राशि | 2,97,700.00 | 2,24,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 18.07.2023 | 18.07.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 06 माह |

2096/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन

विकासनगर। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मानहानि सजा के मामले में गुजरात हाईकोर्ट से याचिका निरस्त किये जाने पर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर न्यायपालिका में अनावश्यक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

गुजरात हाईकोर्ट में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की याचिका निरस्त किये जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता तिलक भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित हुए।

जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने न्यायालय में अनावश्यक हस्तक्षेप कर राहुल गांधी की याचिका को जबरन खारिज कराया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और पुतला फूंक कर अपने गुस्से का इजहार भी किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, जहां न्यायपालिका पूरी तरह से स्वतंत्र है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार तमाम लोकतांत्रिक ताकतों को सत्ता में आने के बाद से कमजोर करती आ रही है। कहा कि यह पहला मामला है जहां मानहानि मामले में राहुल गांधी को सजा सुनाई गयी है। कहा कि कांग्रेस न्यायालय के निर्णय का स्वागत करती है और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी। जहां से उन्हें उम्मीद है कि दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। प्रदर्शन करनेवालों में ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य धीरज बॉबी नौटियाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सर अध्यक्ष कितेश जयसवाल, हरबर्टपुर अध्यक्ष आशीष सिंह पुंडीर,पीसीसी मेंबर संजय जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय किशोर, सभासद शम्मी प्रकाश, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, ओबीसी जिला अध्यक्ष अजमेर राठौर, सभासद हनी सप्पल रोहित पुंडीर,यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक चौहान, विकास शर्मा, संदीप भटनागर, मोहम्मद नईम, इतेन्दर पुंडीर, पीके बैनर्जी, सुरेंद्र शर्मा, निरंकार शर्मा, रेशमा अंसारी, मोहित बिष्ट, सभासद पम्मी देवी, इलम चंद, तनवीर अहमद, जसपाल सिंह, राहुल चौहान आदि शामिल रहे।

## पेयजल लाइन बिछाने को लेकर ग्रामीणों और विभाग में नहीं बनी सहमति

विकासनगर। बायला में जल जीवन मिशन के तहत शुरु किए जा रहे कार्य से पहले विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें नई पेयजल लाइन बिछाने या पुरानी लाइन का जीर्णोद्धार किए जाने पर चर्चा की गई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। विभाग के सहायक अभियंता ललित सहगल द्वारा बताया गया कि बायला गांव के लिए बनी लाईन का जीर्णोद्धार कराया जाना है,

## ग्रामीणों ने की बाणाधार–चिल्हाड़ मार्ग सुधारीकरण की मांग

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाणाधार–चिल्हाड़ मोटर मार्ग बदहाल दशा को सुधारने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को प्रेषित ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पीएमजीएसवाई से लोनिवि को हस्तांतरित होने के बाद मार्ग का सुधारीकरण किया ही नहीं गया, जिससे पूरा मार्ग खस्ताहाल हो चुका है। ज्ञापन में बताया कि इस मार्ग से बाणाधर, चिल्हाड़, शिलवाड़ा के ग्रामीणों के अलावा बावर रेंज मुख्यालय जाने वाले वनकर्मी, अधिकारी, ग्रामीण, राइंका चिल्हाण के छाछा–छात्राएं, शिक्षक, आयुर्वेदिक चिकित्सालय जाने वाले मरीज भी आवागमन करते हैं। मार्ग की हालत बदहाल होने के कारण ग्रामीण निजी वाहन ले जाने से भी कतराते हैं। कहा कि मार्ग पर चलने वाले परिवहन निगम की बस के चालक और परिचालक भी कई बार मार्ग सुधारीकरण की मांग कर चुके हैं। वन क्षेत्राधिकारी महेश शर्मा, डॉ. महेश जोशी ने बताया कि सड़क पर गड़े पैने पत्थरों से कई बार वाहनों के टायर कट चुके हैं, जबकि दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

## मंत्रो के जप से दूर होते हैं मानसिक तनाव : खाली

विकासनगर। जीवनगढ़ में मार्तंड वेद विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से शुरू किए गए पौरोहित्य कर्म प्रशिक्षण के पहले दिन मंत्रों के शुद्ध उच्चारण की जानकारी देने के साथ ही मंत्र के वाचन से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए संस्कृत शिक्षा निदेशक पंडित शिव प्रसाद खाली ने बताया कि मंत्र शब्दों का संचय है जो इष्ट को प्राप्त करने और अनिष्ट बाधाओं को दूर करने का मार्ग है। मंत्र शब्द में 'मन का तात्पर्य मन और मनन से है जबकि 'त्र का तात्पर्य शक्ति और रक्षा से है। मंत्र जप से व्यक्ति को पूरे ब्रह्मांड की एकरूपता का ज्ञान प्राप्त होता है। कहा कि मंत्रजप से आध्यात्मिक प्रगति, मन से पापों का हरण और वाणी की शुद्धि होती है। ये सभी लाभ तभी प्राप्त हो सकते हैं जब व्यक्ति इनका शुद्ध करे। बताया कि शास्त्रों के अनुसार वैदिक मंत्रों के उच्चारण से देवी–देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। लेकिन कई बार मंत्रों का उच्चारण करते हुए लोग अज्ञानतावश कई गलतियां कर बैठते हैं, जिनके कारण का उचित फल नहीं मिल पाता है। पं. शिव प्रसाद खाली ने बताया कि ध्यान और योग क्रिया में 'ॐ' का उच्चारण अधिकांश समय किया जाता है। साथ ही 'ॐ' के उच्चारण से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि व्यक्ति मानसिक तनावों से भी दूर रहता है। 'ॐ' शब्द के रूप में नहीं बल्कि ध्वनि के रूप में कार्य करता है।

## स्व.राजेंद्र सिंह तोमर की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

विकासनगर। सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय कॉलेज साहिया में शुक्रवार को स्व. राजेंद्र सिंह तोमर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। साथ विद्यालय के शिक्षक व छात्र–छात्राओं के द्वारा दो मिनट को मौन रख कर उन्हें नम आंखों से भावुकपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर ने कहा सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय कॉलेज राजेंद्र सिंह तोमर की याद में संचालित किया गया है। तोमर ने बताया कि राजेंद्र सिंह तोमर अपने छात्र जीवन के दौरान हुए सहिया डिग्री कॉलेज आंदोलन के अंग रहे हैं

### अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असिसटेन्ट कलेक्टर कोटद्वार**
**रा0वा0 सं. / 2023**
**शंकर सिंह - वादी**
**बनाम**
**वीर सिंह आदि - प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 229 बी0 जमीदारी भूमि विनाश एवं व्यवस्था अधिनियम

समन बनाम वीर सिंह पुत्र गंगा सिंह, डबल सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी लालपुर, पट्टी सुखरौ, कोटद्वार व प्रधान ग्राम लालपुर पट्टी सुखरौ कोटद्वार।

हरगाह वादी ने एक वाद संख्या 6/2017-18 शंकर बनाम वीर सिंह आदि अन्तर्गत धारा 229 बी0 जमीदारी भूमि विनाश एवं व्यवस्था अधिनियम के दाखिल किया है जिसमें आपको प्रतिवादी संख्या 1, 2, 4 बनाया गया है। आपको नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है, आप दिनांक 11.7.2023 को मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही करे अन्यथा आपके खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही कर दी जायेगी।

दिनांक- 4.7.2023

आज्ञा से
असिसटेन्ट कलेक्टर
(1141/15) कोटद्वार

## आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

विकासनगर। सहसपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की निकाय व लोकसभा चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को पाटी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वार्ड और बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया। साथ ही पार्टी कार्यताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता पहुंचने का आह्वान किया गया। सेलाकुई स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष पिंकी देवी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण योजना की जानकारी का पता चल सके। मंडल अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए आह्वान करते हुए कहा सभी अपने वार्ड और बूथ पर जनसंपर्क कर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। ताकि लोकसभा चुनाव में पार्टी को मोदी के नेतृत्व में फिर से प्रचंड बहुमत मिल सके।

### उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**ई–निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (जी.एस.टी. ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) हो तथा पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में जिसमें प्रथम भाग में वांछित जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए एवं अन्य शर्तें जो निविदा से सम्बन्धित हो तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 06 माह के लिए वैध हो आमन्त्रित की जाती है बिना प्रथम भाग के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी ई–निविदा को निरस्त कर सकते हैं। कार्य अन्य विवरण के लिये वेबसाइट www.uktenders.gov.in को देखें।

| ई–निविदा संख्या | ई–निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी सहित) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.लाख में) | ई–निविदा क्रय करने हेतु अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा प्रथम भाग खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08/EDDK/23-24 | ₹1180/- | 33/11 केवी सब–स्टेशन कोटद्वार से निकले पोषकों का अनुरक्षण एवं उपभोक्ता शिकायतों का निराकरण आदि कार्य। | 0.34 | दिनांक 25.07.2023 16.00 बजे तक | दिनांक 26.07.2023 11.00 बजे तक | दिनांक 26.07.2023 15.00 बजे तक |

पत्रांक: 1793/विविखको/टी–6 — दिनांक: 07.07.2023 — अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

### कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 1757/ कर अनु0/भव0ना0/2023-24 — दिनांक :- 06.07.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले /वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वात्वि प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 851 वार्ड नं0 12 जौनपुर कोटद्वार | स्व0 श्री जसवन्त सिंह पुत्र स्व0 बाबू राम | श्री सोहन सिंह पुत्र स्व0 श्री जसवन्त सिंह उर्फ यशवन्त सिंह | उत्तरजीवी-प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो

E Mail ID :- eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com

पत्रांक :- 1100/17 ए0सी0 — दिनांक- 07/07/2023

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य में मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10.07.2023 से 22.07.2023 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अधतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 24.07.2023 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में प्राप्त कराये जा सकते हैं। बिलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1- अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी
2- अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 बैजरो
3- अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी
4- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 कीर्तिनगर।

निविदा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरौ के कार्यालय में दिनांक 25.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख ₹ में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | **राज्य योजना के अन्तर्गत** | | | | | |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम स्यूंसी होते हुये ग्राम आमकुलाऊ तक मोटर मार्ग के किमी0 6 चै0 किमी0 5.000 से 5.500 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 57000.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | डी0 एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | --तदैव-- किमी0 6 चै0 किमी0 5.500 से 6.000 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 45000.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 3 | --तदैव-- किमी0 7 चै0 किमी0 6.000 से 6.500 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 42000.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 4 | --तदैव-- किमी0 7 चै0 किमी0 6.500 से 7.000 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 39500.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 5 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के विकासखण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम रगडीगाड तक मोटर मार्ग के किमी0 1 चै0 किमी0 0.000 से 1.000 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 34000.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 6 | --तदैव-- किमी0 2 चै0 किमी0 1.000 से 2.000 तक पहाड़ कटान का कार्य। | 54000.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| | **जिला योजना के अन्तर्गत** | | | | | |
| 7 | बैजरो चौखाल मुख्य मोटर मार्ग से सितोली गडोली की ओर सड़क सम्पर्क मार्ग के 0.000 से 0.300 कि0मी0 पर जी-2, जी-3 एवं डामरीकरण का कार्य। | 26000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 8 | चौखाल भगवती तलिया कमलिया सराईखेत मोटर मार्ग के फैडियूगाड से नरूलाझाला, कटपतिया तक 3.000 कि0मी0 स्लिप सफाई एवं सुधारीकरण कार्य। | 10500.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 2 माह | -तदैव- |
| 9 | बैजरों चौखाल मुख्य मोटर मार्ग से कनेरा दरवान के घर के समीप पुस्ता निर्माण कार्य। | 8000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 2 माह | -तदैव- |
| 10 | बैजरों चौखाल मुख्य मोटर मार्ग से प्रा0स्वा0 केन्द्र बैजरों की ओर डामरीकरण कार्य। | 18000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 11 | बैजरों चौखाल मुख्य मोटर मार्ग से सितोली गडोली की ओर सड़क सम्पर्क मार्ग के 0.300 कि0मी0 से आगे जी0-1, जी-2 एवं जी-3 का कार्य। | 28000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 12 | बैजरों में टैक्सी स्टेड का पवेमन्ट टाइल्स द्वारा सुधारीकरण का कार्य। | 13000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 3 माह | -तदैव- |
| 13 | मैठाणा-दुवलाण मोटर मार्ग का विस्तारीकरण। | 13000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 3 माह | -तदैव- |
| 14 | विकासखण्ड बीरोंखाल मुख्यालय से तीलू रौतली स्मारक तक सड़क सुधारीकरण कार्य। | 18000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 3 माह | -तदैव- |
| 15 | स्यूंसी आमकुलाऊ मोटर मार्ग का सुधारीकरण का कार्य। | 28000.00 | 1000.00 +GST | 45 दिन | 3 माह | -तदैव- |
| 16 | मुख्य मोटर मार्ग रणगांव से पातल भैलासैण कटिंग एवं विस्तारीकरण। | 38500.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |
| 17 | मुख्य मोटर मार्ग रणगांव से पातल भैलासैण सुधारीकरण पुस्ता एवं स्कपर निर्माण कार्य। | 38500.00 | 1500.00 +GST | 45 दिन | 6 माह | -तदैव- |

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0**
**बैजरो गढ़वाल।**

## सम्पादकीय

# महंगाई पर मौन समाधान नहीं

बरसात के मौसम के समय महंगाई का स्तर आम आदमी की जेब पर काफी भारी पड़ रहा है सब्जियों के दामों ने जो अपना विकराल रूप दिखाना शुरू किया है उसके बाद तो लगने लगा है कि अगले कुछ और दिन मानसून चलने तक आम आदमी के लिए सब्जी खरीदना है दुश्वार होने वाला है। सबसे ज्यादा प्रभाव टमाटर ओं की कीमत पर पड़ा है जो उत्तराखंड से लेकर देश के दूसरे हिस्सों में भी रिकॉर्ड उंचाइयों पर पहुंच चुका है। राजधानी देहरादून में टमाटर के दाम 160 तक पहुंचते हुए नजर आए तो चार धाम के कुछ क्षेत्रों में या कीमत 200 तक भी पहुंचती हुई दिखाई दी है। यात्रा मार्ग पर तो वैसे भी हर वस्तु के के दाम यात्रा सीजन शुरू होने से पूर्व ही तय हो जाते हैं और यात्रियों को मन मार कर भी कहीं उंचे दामों पर वस्तुओं को खरीदना पड़ता है। इधर चार धाम से जुड़े होटल एवं रेस्टोरेंट में टमाटर के दामों का असर नजर आने लगा है। यहां एक बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें टमाटर एवं अन्य सब्जियों की कीमतों में भारी भरकम बढ़ोतरी के बाद भी आखिर चुप क्यों बैठी है। सरकार के पास क्या कोई ऐसी योजना नहीं है जो इस प्रकार की स्थिति में अपने नागरिकों को एक निश्चित धाम पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करा सके? सिर्फ मानसून पर बढ़ी हुई कीमतों का ठीकरा फोड़ना सीधे तौर पर सरकार की विफलता ही कही जाएगी। देश में कालाबाजारी एवं जमाखोरी एक ऐसा अभिशाप बन चुका है जिससे पार पाना सत्ता तंत्र के लिए मुमकिन नहीं हो पा रहा है। तमाम कानून बनाने के बावजूद भी जमाखोरों की चांदी है। जमापुर जानते हैं किस मौसम में किस वस्तु के दाम आसमान छूने वाले हैं लिहाजा वे जमाखोरी शुरू कर देते हैं लेकिन सरकार यह आकलन नहीं कर पाती कि कैसे जमाखोरों के मंसूबों को विफल किया जाय? राज्य सरकार स्वयं सहायता समूह या फिर सहकारी समितियों के माध्यम से सस्ती सरिया और टमाटर अपने नागरिकों को उपलब्ध करा सकती है लेकिन इसके लिए एक ठोस नीति एवं सुदृढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली की नीतियों पर काम करना होगा। पूर्व के वर्षों में प्याज की बढ़ती कीमतों के दौरान सरकार द्वारा रियायती दरों पर नागरिकों को प्याज उपलब्ध कराया गया था तो फिर अन्य खाद्य उत्पादों को लेकर सरकारी तंत्र क्यों हरकत में नहीं आता? कुछ दिनों में निश्चित तौर पर सब्जियों के दाम सामान्य होंगे लेकिन चंद दिनों का यह समय आम लोगों के लिए काफी कष्टदायक गुजरता है। यदि शासन प्रशासन अपने नागरिकों को उचित दरों पर वस्तुएं उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है तो समझ लेना चाहिए कि सरकार की व्यवस्थाओं में ही कोई बड़ी कमी है। सिर्फ यह कहना कि हम अमुक वस्तु नहीं खाते, नागरिकों की समस्या का हल नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों को महंगाई पर लगाम कसने के लिए अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना होगा, ताकि आम आदमियों का बजट नियंत्रण में रहे और उनकी रसोईया खाद्य पदार्थों के अभाव में सुनी ना पड़े।

# बर्बरता की ओर सफर?

यह भारतीय समाज के लिए आत्म–मंथन का विषय है कि आखिर आज ऐसा माहौल कैसे बन गया है, जिसमें प्रभुत्वशाली लोग इतना बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार की मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती?

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस बात का श्रेय दिया जाएगा कि उन्होंने मानवता को शर्मसार करने वाली घटना पर दलगत भावना से ऊपर उठ कर तुरंत 'कठोरतमइ कार्रवाई का आदेश दिया। नतीजतन मंगलवार रात असभ्यता और क्रूरता की मिसाल बने उस भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने सरेआम एक आदिवासी नौजवान पर पेशाब किया था। उस पर कानूनी सख्त धाराएं लगाई गई हैं, इसलिए यह उम्मीद रखनी चाहिए कि यह सिर्फ फौरी और दिखावटी कार्रवाई नहीं है। बहरहाल, यह वर्तमान भारतीय समाज– और खासकर सत्ताधारी दल और उसके सहमना संगठनों के लिए आत्म–मंथन का विषय है कि आखिर आज समाज में ऐसा माहौल कैसे बन गया है, जिसमें प्रभुत्वशाली लोग इतना बेखौफ हो गए हैं कि उन्हें किसी भी प्रकार की मनमानी करने में कोई हिचक नहीं होती? तमाम पुरातन समाजों की तरह भारतीय पारंपरिक समाज में भी वर्चस्व और मजबूत लोगों के लिए निर्भय होकर किसी प्रकार का व्यवहार करने का सिस्टम रहा है।

सभ्यता के विकास के साथ इस तरह के बर्बर व्यवहारों पर लगाम लगाने के प्रयास किए गए। कानून का राज करने और संविधान को सर्वोपरि बनाने की कोशिशें इसी मकसद का हिस्सा रही हैं। लेकिन गुजरे कुछ वर्षों में खुद सत्ता में बैठे लोगों ने कानून के राज का अनादर करने जैसी नीतियां अपना रखी हैं। इससे यह संदेश गया है कि अगर आप सत्ता पक्ष के साथ हैं और आपका संबंध प्रभुत्वशाली वर्ग से है, तो आप निर्भय होकर कोई भी व्यवहार कर सकते हैं। ताजा घटना के सिलसिले में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधी का कोई धर्म, जाति या पार्टी नहीं होती। उनसे अपेक्षित है कि यही बात वे किसी मुस्लिम अपराधी के संदर्भ में भी कहें। किसी एक व्यक्ति के अपराध के पूरे समुदाय को लांछित करने की चल रही प्रवृत्ति का विरोध उनके जैसे ऊंचे पदों पर बैठे लोग हर स्थिति में करें, तो भारतीय समाज में आ रही वैसी गिरावटों पर रोक लग सकती है, जिसकी एक मिसाल फिलहाल मध्य प्रदेश में देखने को मिली है। वरना, सभ्यता से बर्बरता की तरफ हो रही यात्रा को रोकना कठिन बना रहेगा।

# अध्यादेश पर भी कांग्रेस ने फैसला नहीं किया

कांग्रेस पार्टी की एक अहम बैठक पिछले हफ्ते हुई थी। आमतौर पर संसद की रणनीति समिति की बैठक सत्र शुरू होने के समय होती है लेकिन इस बार सत्र की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की संसदीय रणनीति समूह की बैठक हुई। सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे की मौजूदगी में हुई बैठक में संसद के मॉनसून सत्र की रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के सामने दो मुद्दे थे। पहला मुद्दा समान नागरिक संहिता का था और दूसरी दिल्ली सरकार से जुड़े केंद्र के अध्यादेश का था। दोनों मुद्दों पर कांग्रेस ने अपना रुख तय नहीं किया है।समान नागरिक संहिता पर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने विचार किया। बताया जा रहा है कि इस पर यह सहमति बनी कि पार्टी सोच समझ कर इस मामले में फैसला करेगी। जानकार सूत्रों का कहना है कि पार्टी के कई नेता नहीं चाहते हैं कि कांग्रेस इसका विरोध करे। क्योंकि इससे बहुसंख्यक हिंदू मतदाताओं के नाराज होने का खतरा है। समर्थन करने पर अल्पसंख्यक मतदातओं की नाराजगी का खतरा है। इसलिए कांग्रेस के लिए इसका फैसला आसान नहीं होगा। इसी तरह की स्थिति अध्यादेश के मामले में भी है।

# सरकार ने क्यों नहीं नौ वर्षों में समान नागरिक संहिता बनवाई?

**हरिशंकर व्यास**




कैसी बेहूदगी है! नौ वर्षप्रधानमंत्री पद पर रहने के बाद नरेंद्र मोदी अब बात कर रहे हैं कि एक घर, दो कानून नहीं चलेगा!भला उन्हें किसने रोका था, संविधान के इस निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद44) केसंकल्प में अमल से? दो टूक यहभी सत्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने बार–बार कॉमन सिविल कोड बनाने के लिए कहा है। बकौल खुद नरेंद्र मोदी–सुप्रीम कोर्ट डंडा मारता हैज्लेकिन वोट बैंक के भूखे लोग अड़ंगा लगा रहे हैं! लेकिन हम चाहते हैं!

तो रोका किसने और कब था? क्या मोदी सरकार लोकसभा–राज्यसभा में एक देश, एक विधान के कानून प्रस्ताव की मंजूर नहीं करा सकती? क्या राष्ट्रपति उस पर दस्तखत नहीं करेंगे? क्या वैसी कोई बाधा है जैसी पंडित नेहरू जब हिंदू कोड बिल पास करा रहे थे तब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का मन नहीं मान रहा था?

ऐसी कोई बाधा, कोई किंतु–परंतु नरेंद्र मोदी और अमित शाह, भाजपा–संघ–संविधान–सुप्रीम कोर्ट की ओर से नहीं है। एक देश, एक विधान के संकल्प में ही गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई (हालांकि इस मामले में भी कुछ और राज्यों के विशेष दर्जे की धाराओं को हटाए बिना)। राज्य का पुर्नगठन किया। तब क्यों व्यर्थ में अब कानून और व्यवस्था की अलग–अलग असमानताओं, दर्जे को मिटाने में नरेंद्र मोदी और अमित शाह विरोधी दलों व मुसलमानों को ललकार रहे हैं?क्यों नहीं बिना हल्लेबाजी के संसद में सीधे रखें नए कानून का प्रस्ताव और उसे पास करा कर अपने आपको बुनियादी परिवर्तनकारी, प्रगतिशील साबित करें?रूढिवादियों, अंधविश्वासियों व परंपरावादियों पर हथौड़े चलाएं।

संविधान से साफ निर्देश है। सुप्रीम कोर्ट ने बार–बार कहा है और सुप्रीम कोर्ट की मौजूदा तासीर में तो समान लिंग में विवाह पर विचार तक की हिम्मत है तो भला समान नागरिक संहिता का कानून बनाने पर क्यों मोदी व भाजपा को विपक्ष पर दोषारोपण करना चाहिए?क्यों मुस्लिम–आदिवासी और कठमुल्ला हिंदू संगठनों की परवाह करनी चाहिए? क्योंकर यह नौटंकी है जो राज्य सरकारों में अलग–अलग प्रस्ताव से नागरिक संहिता बनाने का ढोंग रचा जा रहा है?

इसलिए क्योंकि बातें बनाकर, मुसलमान के विरोध का हल्ला बना कर हिंदुओं में इन्हें अपनी वोट राजनीति पकानी है। पूरे देश में हल्ला बना रखा है कि मुसलमान ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे हैं। इनकी आबादी को रोकना जरूरी है। इसलिए भारत के हर नागरिक को देश के एक कानून से परिवार–जीवन को एक विधान में, शादी, तलाक, संपत्ति के मामले को एक सांचे में ढालेंगेतभी मुसलमानों की आबादी बढना रूकेगी। मतलब यह कि समान नागरिक संहिता मुसलमान की आबादी को रोकने का ब्रह्मास्त्र है। यदि ऐसा है तो मोदी सरकार ने नौ वर्ष से इस कानून का डंडा हवा में क्यों लटका रखा है? इसका कानून क्यों नहीं बना डाला?

इसलिए ताकि मुसलमान, कांग्रेस और विपक्ष के विरोध का हल्ला बने। मीडिया में फिजूल शोर होता रहे और वोट के मामले में हिंदू गोलबंद बना रहे। ओवैसी का विरोध, मुस्लिम संगठनों की हवाबाजी से हिंदू दिल–दिमाग में क्योंकि भभका बनता है तो उन्हें उकसाए रहो और बातें बना कर हिंदुओं को बेवकूफ बनाओ!

अपनी गारंटी है कि इसी मॉनसून सत्र में यदि मोदी सरकार नागरिक संहिता बिल रखे और अमित शाह अनुच्छेद 370 जैसी फुर्ती दिखा कर लोकसभा–राज्यसभा में बहस व जवाब दे कर संसद का ठप्पा लगाएं तो जुलाई के महीने में ही राष्ट्रपति के दस्तखत सहित समान नागरिक संहिता कानूनी तौर पर संविधान में स्थान लिए होगी। गारंटी है कि न कांग्रेस इसके खिलाफ वोट करेगी और न आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी या वामपंथी पार्टी!

पर ऐसा होगा नहीं? और यदि दिखावे के लिए मोदी सरकार ने संसद में कोई प्रस्ताव रखा भी तो वह चूं–चूं का मुरब्बा होगा। इसलिए कि नरेंद्र मोदी–अमित शाह, भाजपा और संघ को हिंदू वोटों की चिंता पहले है। और इसमें तय मानें कि समान नागरिक संहिता के जो तीन तत्व (विवाह–तलाक–संपत्ति) हैं उसमें हिंदू जीवन की बुनियाद भी फंसी है? सोचें, ईमानदारी से सोचें कि हिंदुओं के सेठ, गुजराती–मारवाड़ी–बनिया–ब्राह्मण–जाट–पिछड़ा–दलित–आदिवासी क्या अपने उत्तराधिकार में संतान, लड़के–लड़की में संपत्ति में बराबर के बंटवारे के नियम–कानून मानेंगे? क्या हिंदू विवाह और तलाक की इस आधुनिक–प्रगतिशील व्यवस्था के लिए तैयार हैं कि विवाह बंधन तब तक जब तक मियां–बीवी राजी? और जब रजामंदी खत्म तो शादी वैसे ही सहज खत्म जैसे अमेरिका, पश्चिमी देशों याकि आधुनिक–प्रगतिशील समाजों में है! पति–पत्नी अपने अलग–अलग रास्तों में नई गृहस्थी बसाएंगे!

हां, अंबानी हों या अडानी या भारत का खेतिहर सामान्य हिंदू परिवार, सब संपत्ति के बंटवारे, उत्तराधिकार में या हिंदू संयुक्त परिवार, एचयूएफ में बेटों में जो संपति याकि विरासत बांटते हैं वह समान नागरिक संहिता के बाद बेटियों में बराबरी के वितरण की बाध्यता वाली होगी। पुत्र व पुत्री के लिए समान व्यवस्था। विवाह पंजीकरण,लिव इन रिलेशनशिप, समान लिंग यौन व्यवहार, समान लिंग शादी, विवाह आयु सीमा, तलाक के बाद पत्नी व बच्चों के भरण पोषण की व्यवस्था, पहली पत्नी के बच्चों को भी बराबर के अधिकार, एक तरफा तलाक तथा हलाला पर रोक के साथ में सबकुछ बरबार समान अधिकारों के साथ। इसमें जरा भी ऊंच नीच का कानून बना जैसे यदि महिला की इच्छा को तरजीह जैसी व्यवस्थाएं बनी तो भारत के 140 करोड़ लोगों में हर परिवार और उसके जीवन पर विनाशकारी प्रभाव बनेगा। हर घर अदालत के दरवाजे बैठा होगा। समान नागरिक संहिता में नंबर एक पेंच यह है कि पुरूष व स्त्री को समान अधिकार मिले, बिना कथित महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, विशेषाधिकार के बारीक मगर गहरे सामाजिक जुमलों के। क्या संघ–भाजपा–मोदी–शाह में सोचने की, ऐसी समानता बनाने की है हिम्मत, दूरदृष्टि?

**हां, अंबानी हों या अडानी या भारत का खेतिहर सामान्य हिंदू परिवार, सब संपत्ति के बंटवारे, उत्तराधिकार में या हिंदू संयुक्त परिवार, एचयूएफ में बेटों में जो संपति याकि विरासत बांटते हैं वह समान नागरिक संहिता के बाद बेटियों में बराबरी के वितरण की बाध्यता वाली होगी। पुत्र व पुत्री के लिए समान व्यवस्था। विवाह पंजीकरण,लिव इन रिलेशनशिप, समान लिंग यौन व्यवहार, समान लिंग शादी, विवाह आयु सीमा, तलाक के बाद पत्नी व बच्चों के भरण पोषण की व्यवस्था, पहली पत्नी के बच्चों को भी बराबर के अधिकार, एक तरफा तलाक तथा हलाला पर रोक के साथ में सबकुछ बरबार समान अधिकारों के साथ। इसमें जरा भी उंच नीच का कानून बना जैसे यदि महिला की इच्छा को तरजीह जैसी व्यवस्थाएं बनी तो भारत के 140 करोड़ लोगों में हर परिवार और उसके जीवन पर विनाशकारी प्रभाव बनेगा। हर घर अदालत के दरवाजे बैठा होगा। समान नागरिक संहिता में नंबर एक पेंच यह है कि पुरूष व स्त्री को समान अधिकार मिले, बिना कथित महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय, विशेषाधिकार के बारीक मगर गहरे सामाजिक जुमलों के।**

मेरा मानना था, है और रहेगा कि पूरे देश में घर–परिवार–जीवन के लिए एक से नागरिक कानून होने चाहिए और इस फालतू के झमेले में नहीं उलझना चाहिए कि आबादी में फलां–फलां वर्ग या वर्ण में लोग क्या–क्या सोचेंगे? ऐसी चिंताए करनी ही नहीं चाहिए। जब पंडित नेहरू ने हिंदू बिल कोड पास करा कर ठानी तो उसके पीछे भारत के सनातनी जीवन को वक्त अनुकूल प्रगतिगामी बनाना था वैसे हीमोदी–शाह को एक भारत–श्रेष्ठ भारत के अपने जुमले में पंडित नेहरू जितनी हिम्मत तो दिखानी चाहिए।

बहुसख्यक, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों याकि कथित वोट बैंकों की चिंता छोड़ भारत को यूरोप, अमेरिका, ब्रिटेन जैसी समान नागरिक संहिता की व्यवस्था में स्त्री–पुरूष और परिवार की बेसिक संरचना को समानता (न किसी को तरजीह, स्त्री–पुरूष के बराबर अधिकार, बिना सशक्तिकरण, तुष्टीकरण के) की कसौटी में ढाला तो अपने आप पच्चीस साल बाद भारत की समाज रचना बदली हुई होगी। मुसलमान भी तुर्की या यूरोप के मुसलमान जैसे स्त्री–पुरूष समानता जैसी जिंदगी जीता हुआ होगा तो हिंदुओं के तमाम वर्ग–वर्ण स्त्री–पुरूष की आधुनिकता में जाति और कुनबे की रूढ़ियों से बाहर निकले हुए होंगे। हिंदू तब रियल सनातनी जीवन जीते हुए होगा।

लेकिन न नरेंद्र मोदी सेकुलर पंडित नेहरू हैं और न जातनिरपेक्ष हिंदुत्ववादी सावरकर। वे वोटों के सौदागर हैं। उन्होंने पिछले नौ साल वोट की राजनीति में अपने अवसर गंवाए हैं। उनका पूरा कार्यकाल अल्पकालिक–तात्कालिक जीत–हार,सत्ता खोने या घटने के भय में नस्ल और देश को डराने या व्यर्थ के प्रंपचों, टोटकों, विश्वगुरू जैसी मूढ़ताओं में जाया रहा है। इसलिए नोट रखें समान नागरिक संहिता का उनका एजेंडा या तो छलावा होगा या चूं–चूं का मुरब्बा!

# भाजपा के एजेंडे पर कांग्रेस की दुविधा

**अगस्त 2019 में जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया तब गुलाम नबी आजाद राज्यसभा में कांग्रेस के नेता थे। उन्होंने इसे राज्य की जनता के साथ विश्वासघात बताया। लेकिन आज वे कहां हैं और अनुच्छेद 370 पर क्या कह रहे हैं वह सबको पता है। कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता पी चिदंबरम ने इसका विरोध करते हुए सिर्फ इतना कहा कि अनुच्छेद 370 हटा कर सरकार उन ताकतों को हवा दे रही है, जिन्हें वह नियंत्रित नहीं कर पाएगी। कांग्रेस नेता जनार्दन द्विवेदी, दीपेंद्र हुड्डा, आचार्य प्रमोद आदि ने फैसले का समर्थन किया था। जब इस फैसले के बाद बकौल अमित शाह एक कंकड़ भी नहीं चला तो कांग्रेस पार्टी भी चुप हो गई। उलटे कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले 70 साल में जम्मू कश्मीर में कई कानूनी प्रावधान बदल गए हैं। कांग्रेस ने बताया कि अब वहां के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं कहा जाता है। कांग्रेस ने दावा किया कि वह भी धीरे धीरे अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर रही थी, जबकि भाजपा सरकार ने एक झटके में उसे खत्म कर दिया। अब कांग्रेस अनुच्छेद 370 बहाली की बात नहीं करती है, बल्कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और चुनाव की मांग करती है। इस मामले में भी कांग्रेस के समर्थन का कारण वहीं रहा, जो राम जन्मभूमि मंदिर के मामले में था।**

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस पार्टी समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर दुविधा में है। इस पर विचार के लिए पार्टी के आला नेताओं की बैठक हुई थी, जिसमें किसी रणनीति पर सहमति नहीं बनी। यह बहुत कमाल की बात है कि भारतीय जनसंघ के जमाने से चले आ रहे भारतीय जनता पार्टी के जितने भी पुराने, महत्वपूर्ण और घोषित मुद्दे रहे हैं उन पर कांग्रेस पार्टी हमेशा दुविधा में रही है या असहज रही है। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि कांग्रेस ने कभी भी उन मुद्दों का खुल कर विरोध नहीं किया है। उलटे ऐसा भी हुआ है कि उन मुद्दों पर आगे बढ़ कर कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि वे भी इस पर अमल करने जा रहे थे या उन्होंने ही इसकी पहल की थी। ध्यान रहे भारतीय जनसंघ और भाजपा के तीन कोर मुद्दे थे और आजादी के समय से चले आ रहे थे। इनमें पहला अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का था। दूसरा, जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति का और तीसरा समान नागरिक संहिता का। यह जानना बहुत दिलचस्प है कि कांग्रेस ने इन तीनों मुद्दों का विरोध नहीं किया है, बल्कि दबी जुबान में समर्थन किया है। कांग्रेस ने ऐसा क्यों किया, इस पर चर्चा से पहले यह देखना दिलचस्प होगा कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की क्या प्रतिक्रिया रही थी।

जब अयोध्या की विवादित जमीन को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और राम जन्मभूमि मंदिर बनने का रास्ता साफ हुआ तो कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। कांग्रेस ने आधिकारिक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है। उसने सभी समुदायों से संविधान में निहित धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भाईचारे की भावना का पालन करने और शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। ऐसा इसलिए नहीं हुआ कि कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट का बहुत सम्मान करती है, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि यह राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है और इसका विरोध करना कांग्रेस को व्यापक हिंदू समाज में अछूत बना सकता था। सो, बहुसंख्यक हिंदू समाज का ध्यान रखते हुए कांग्रेस ने फैसले का स्वागत किया। इतना ही नहीं कांग्रेस के नेताओं ने आगे बढ़ कर कहा कि राजीव गांधी के समय मंदिर का ताला खुला था और कांग्रेस ने हिंदुओं को पूजा का अधिकार दिलाया था। इस तरह कांग्रेस ने बहुत दयनीय सा



प्रयास किया कि मंदिर निर्माण का श्रेय अकेले भाजपा और नरेंद्र मोदी को नहीं मिलने दिया जाए। हालांकि वह इसमें असफल रही।

इसके बाद आया जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला। कांग्रेस ने शुरू में इसका विरोध किया लेकिन पार्टी के ही कई नेताओं ने पार्टी लाइन से अलग हट कर इसका समर्थन कर दिया। बाद में कांग्रेस ने भी इस मसले पर चुप्पी साध ली। कांग्रेस का विरोध सिर्फ जम्मू कश्मीर के बंटवारे और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने तक सीमित रह गया। अगस्त 2019 में जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया तब गुलाम नबी आजाद राज्यसभा में कांग्रेस के नेता थे। उन्होंने इसे राज्य की जनता के साथ विश्वासघात बताया। लेकिन आज वे कहां हैं और अनुच्छेद 370 पर क्या कह रहे हैं वह सबको पता है। कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता पी चिदंबरम ने इसका विरोध करते हुए सिर्फ इतना कहा कि अनुच्छेद 370 हटा कर सरकार उन ताकतों को हवा दे रही है, जिन्हें वह नियंत्रित नहीं कर पाएगी। कांग्रेस नेता जनार्दन द्विवेदी, दीपेंद्र हुड्डा, आचार्य प्रमोद आदि ने फैसले का समर्थन किया था। जब इस फैसले के बाद बकौल अमित शाह एक कंकड़ भी नहीं चला तो कांग्रेस पार्टी भी चुप हो गई। उलटे कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पिछले 70 साल में जम्मू कश्मीर में कई कानूनी प्रावधान बदल गए हैं। कांग्रेस ने बताया कि अब वहां के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं कहा जाता है। कांग्रेस ने दावा किया कि वह भी धीरे धीरे अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर रही थी, जबकि भाजपा सरकार ने एक झटके में उसे खत्म कर दिया। अब कांग्रेस अनुच्छेद 370 बहाली की बात नहीं करती है, बल्कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और चुनाव की मांग करती है। इस मामले में भी कांग्रेस के समर्थन का कारण वहीं रहा, जो राम जन्मभूमि मंदिर के मामले में था।

अब तीसरा मामला समान नागरिक संहिता का है और कांग्रेस इसे लेकर भी दुविधा में है। उसको पता है कि राममंदिर और अनुच्छेद 370 की तरह समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी देश के बहुसंख्यक हिंदुओं के दिमाग में दशकों से पकता रहा है और बहुसंख्यक हिंदू इस बात से सहमत हैं कि सबके लिए एक कानून होना चाहिए। उनको पता नहीं है कि विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे का एक जैसा कानून होने से उनको क्या नफा–नुकसान है। लेकिन उनको समझाया गया है कि इससे मुसलमानों में बहुविवाह रूक जाएगा और फिर जनसंख्या नियंत्रण आसान हो जाएगा और फिर हिंदू सुरक्षित हो जाएंगे। अपने देश में उनके अल्पसंख्यक हो जाने का कथित खतरा समाप्त हो जाएगा। सो, इसका विरोध करना कांग्रेस के बहुसंख्यक हिंदू मतदाताओं की नजर में हिंदू विरोधी साबित करेगा। दूसरे, संविधान के अनुच्छेद 44 में नीति निदेशक तत्वों में समान नागरिक संहिता की बात कही गई है। इसलिए भी कांग्रेस के सामने यह दुविधा है कि उसके पूर्वजों ने जिसकी जरूरत बताई थी उसका विरोध कैसे करें?सो, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस इस मामले में भी राम जन्मभूमि मंदिर और अनुच्छेद 370 जैसे रवैया अपना सकती है। वह अगर खुल कर इसका समर्थन नहीं करती है तो 'नरो वा कुंजरोइ किस्म का रुख अख्तियार कर सकती है। यानी दोनों तरह के मैसेज दे सकती है। वह बीच का रास्ता अख्तियार करते हुए इसका विरोध करने की बजाय ऐसे मुद्दों पर जोर देगी, जिससे सरकार असहज होगी और हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग का समर्थन उसको मिलेगा। मिसाल के तौर पर संपत्ति के बंटवारे का मामला है। आदिवासी संस्कृति और मान्यताओं का मामला है। सिख समुदाय की संवेदनशीलता का मामला है। कुल मिला कर कांग्रेस इस मामले में सरकार का खुला विरोध करने की बजाय संभावित बिल की बारीकियों में जाएगी और उसके कुछ प्रावधानों का विरोध करेगी और इसे राजनीतिक एजेंडा बताएगी। पहले दोनों मुद्दों की तरह कांग्रेस के कुछ नेता इसका समर्थन भी करने लगे हैं। हिमाचल सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसका समर्थन किया है। असल में ये तीनों मुद्दों ऐसे हैं, जिन पर कांग्रेस या कोई भी पार्टी खुल कर विरोध नहीं कर सकती है क्योंकि आजादी के बाद राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ, भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के प्रचार की वजह से व्यापक हिंदू समाज में इन्हें लेकर एक धारणा बनी हुई है। उस लोकप्रिय धारणा से अलग हट कर कोई भी लाइन लेना पार्टियों के लिए आत्मघाती होगा। कांग्रेस के सामने इस वजह से भी दुविधा है कि उसको अलग अलग राज्यों में चुनौती दे रही आम आदमी पार्टी ने इसका समर्थन किया और उसकी सहयोगी शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने भी इसका समर्थन किया है। नीतीश कुमार मीडिया के सवाल टाल रहे हैं लेकिन उनका रुख भी समर्थन का ही होगा। सो, कांग्रेस अलग थलग भी नहीं पडऩा चाहती है और न ओवैसी की लीग में शामिल होने का जोखिम ले सकती है।

## पाकिस्तान में भूस्खलन में आठ बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भूस्खलन में आठ बच्चों की मौत हो गई। बचाव अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकारी बचाव 1122 ने एक बयान में कहा कि कुछ बच्चे शांगला जिले में एक टीले के नीचे स्थित मैदान में गुरुवार को क्रिकेट खेल रहे थे। उसी समय हुए भूस्खलन में नौ बच्चे दब गए। बीती देर रात एक घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद रेस्क्यू 1122, स्थानीय स्वयंसेवकों और पाकिस्तान सेना की बचाव टीमों ने मलबे से आठ शव और एक घायल बच्चे को बरामद किया। स्थानीय लोगों ने पुष्टि की है कि मलबे के नीचे अब कोई लापता बच्चा नहीं है। बचाव दल ने कहा कि इलाके में बुधवा से हो रही भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन हुआ।

## उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका, विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरे शिंदे की शिवेसना में हुईं शामिल

**मुंबई एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) को करारा झटका देते हुए वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरे शुक्रवार को सत्तारूढ़ सहयोगी शिवसेना में शामिल हो गईं। तीन दशकों से अधिक समय तक शिवसेना (यूबीटी) के साथ रहे डॉ. गोरे का निर्णय पार्टी की प्रवक्ता डॉ. मनीषा कायंदे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के बमुश्किल तीन सप्ताह बाद आया।

शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने डॉ. गोरे का शिवसेना में स्वागत किया। शिवसेना में प्रवेश पर उन्होंने कहा कि शिंदे सही रास्ते पर हैं और अदालत के फैसले के मुताबिक पार्टी उनकी है। राजनीतिक गलियारों में पिछले पांच महीनों से डॉ. गोरे के राजनीतिक कदमों को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। हालांकि, विपक्ष के नेता अंबादास दानवे सहित शिवसेना (यूबीटी) के शीर्ष नेताओं ने ऐसी किसी भी संभावना से इनकार किया था।

## फलकनुमा एक्सप्रेस में लगी भीषण आग, 3 डिब्बे जलकर खाक, यात्रियों में हड़कंप

**हैदराबाद एजेंसी।** तेलंगाना के यदाद्री भोंगिर जिले में शुक्रवार को हावड़ा–सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस में आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गया। लोको पायलट के अलर्ट करने के बाद ट्रेन को पगिडीपल्ली और बोम्मयापल्ली के बीच रोक दिया गया। सभी यात्री ट्रेन से नीते उतर गए। एक डिब्बे से शुरू हुई आग तीन अन्य डिब्बों तक फैल गई। रेलवे स्टाफ ने प्रभावित कोचों को हटा दिया है। तीनों डिब्बे जलकर खाक होते नजर आ रहे हैं। हालांकि ये आग कैसे लगी, इस बारे में अभी कोई जानकारी नही है। ट्रेन में सवार यात्रियों को फिलहाल दूसरी ट्रेन से भेजने की व्यवस्था की जा रही है। वहीं आग लगने के कारणों के बारे में पता करने के लिए रेलवे ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक यात्री ने बताया कि आग एस 4 कोच से शुरू हुई। एस 5 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने कहा, वहां अफरा–तफरी मच गई और हम सभी जान बचाने के लिए बाहर भागे।

## हैदराबाद के पास बस में आग लगी, बाल–बाल बचे यात्री

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद के आउटर रिंग रोड के पास पेद्दा अंबरपेट में शुक्रवार को एक सरकारी बस में आग लगने के बाद 40 से अधिक यात्री बाल–बाल बच गए।हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ। आग फैलने से पहले सभी यात्री उतर गए थे। 45 यात्रियों वाली बस हैदराबाद से गुंटूर जा रही थी।

# उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का किया निरीक्षण

### कटरा–बनिहाल सैक्शन के 111 किलोमीटर लंबे रेल सैक्शन पर 95 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने जम्मू एवं कश्मीर में ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना का दौरा कर गहन निरीक्षण किया और वहां चल रहे अन्य कार्यों का भी जायजा लिया।

महाप्रबन्धक श्री चौधुरी ने कटरा से निरीक्षण शुरू किया, उसके बाद वे मोटर ट्रॉली से सुरंग टी-1 तक गये। तत्पश्चात उन्होंने यूएसबीआरएल, कोंकण रेल निगम लिमिटेड और एजेंसी के अधिकारियों के साथ कार्य स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे टी-1 सुरंग के कार्य को पूरा करते समय सभी संरक्षा उपायों को सुनिश्चित करें। टी-1 सुरंग का कार्य निश्चित ही हिमालय की बेहद चुनौतीपूर्ण भू-भाग वाली परियोजना है। उन्होंने अंजी पुल, चिनाब पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबन्धक ने चिनाब पुल से डुग्गा स्टेशन तक मोटर ट्रॉली से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लक्ष्य कठिन हैं और इन्हें पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने चिनाब पुल पर किये जा रहे कार्यों की सराहना की। वे बक्कल-डुग्गा सैक्शन पर चल रहे कार्यों से प्रसन्न नजर आए। साथ ही, उन्होंने परियोजना के विद्युत तथा सिग्नल एवं दूर-संचार कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने आरओसी कार्य को पूरा करने के लिए भारतीय रेल पर यूएसबीआरएल के अग्रणी रहने की सराहना की। उन्होंने रियासी में आरओसी कार्य कर रही एजेंसी के इंजीनियरों के साथ विस्तृत चर्चा की और उन्हें कार्य को उच्च प्राथमिकता पर शीघ्रता से निपटाने के निर्देश दिए। यूएसबीआरएल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एसपी माही ने परियोजना का ब्यौरा देते हुए बताया कि 272 किलोमीटर लंबी यूएसबीआरएल परियोजना के 161 किलोमीटर रेलमार्ग को पहले ही खोल दिया गया है तथा यहां ट्रेन संचालन जारी है। शेष 111 किलोमीटर लंबे कटरा-बनिहाल सैक्शन पर सभी प्रकार की भौगोलिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के बावजूद 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष भाग का कार्य पूरी गति से चल रहा है। भारतीय रेल हर दिन कश्मीर घाटी को शेष रेल नेटवर्क से जोड़ने के और करीब पहुंच रही है। इस अवसर पर यूएसबीआरएल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एसके माही, कोंकण रेल निगम लिमिटेड के निदेशक आर.के. हेगड़े और यूएसबीआरएल परियोजना, कोंकण रेल निगम लिमिटेड और फिरोजपुर मण्डल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास ने ली वेस्ट बैंक में हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी

**गाजा, ,एजेंसी।** फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने वेस्ट बैंक में हुई गोलीबारी में इजरायली सुरक्षा अधिकारी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। हमास की सैन्य शाखा अल क़स्साम ब्रिगेड ने बताया कि वेस्ट बैंक शहर कल्किल्या के पूर्व में कफ्र क़दुम गांव के पास हुई गोलीबारी में अहमद गज़ान मारे गए। ब्रिगेड ने कहा कि वेस्ट बैंक शहर रामल्ला के पास क़िब्या गांव के निवासी गिज़न् ने वेस्ट बैंक शहर जेनिन और उसके शरणार्थी शिविर पर इजरायली सैन्य हमले के जवाब में हमला किया था। इज़रायली हमले में कम से कम 13 फ़िलिस्तीनी और एक इज़रायली सैनिक की मौत हो गई थी।26 जनवरी के बाद से फिलिस्तीनियों द्वारा किए गए हमलों में ज्यादातर इजरायली मारे गए हैं, जबकि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 190 फिलिस्तीनियों को इजरायली सैनिकों और निवासियों ने मार डाला।

## यूक्रेन ने रूस के मिलिट्री कंपाउंड पर की एयरस्ट्राइक

**यूक्रेन , एजेंसी।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले माकिव्का शहर पर हमला किया। बताया जा रहा है कि रात में किए गए हमले में यूक्रेनी फौज ने अमेरिका से हासिल किए हिमरास रॉकेट्स का इस्तेमाल किया है। यूक्रेनी फौज ने दो रॉकेट टारगेट करके तेल और आयुध डिपो पर दागे। रॉकेट्स ने सटीक निशाना लगाया। रॉकेट के टकराने से पहला धमाका छोटा था। लेकिन धीरे–धीरे ये बड़ा होने लगा। हथियारों के जखीरे में आग लगने की वजह से वहां से छोटे–छोटे रॉकेट छूट रहे थे। विस्फोट हो रहे थे। थोड़ी देर बाद दूसरा बड़ा धमाका हुआ। बेहद बड़ा। ये धमाका तेल डिपो में विस्फोट की वजह से था। काफी दूर तक शॉकवेव जाती हुई दिखाई दी। आसपास के इलाके की लाइट चली गई। इसके बाद काफी देर तक विस्फोट वाली जगह पर छोटे–छोटे धमाके होते रहे। इस घटना के जवाब में रूस ने पश्चिमी यूक्रेन के शहर लवीव पर मिसाइल दागी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। चार लोग जख्मी हो गई। इनकी संख्या बढ़ने की आशंका है।

इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि मुझे खुशी है कि अमेरिका हमें मदद कर रहा है। साथ ही यूरोपियन देश भी। हम रूस के खिलाफ कड़ा एक्शन ले सकते हैं। लेकिन हमें इसके लिए हथियार चाहिए। रसद चाहिए। अगर इसमें देरी हुई तो हमला भी धीमे होगा। इससे रूस को फायदा होगा। हमारा मकसद पूरा नहीं हो पाएगा।इससे ठीक पहले अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मार्क ए माइली ने कहा था कि यूक्रेन की फौज धीमे और रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है।

## बिहार में नदियां उफान पर, कई इलाकों में बाढ़ का खतरा, सरकार सजग

**पटना एजेंसी।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश से बिहार की कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बागमती जहां मुजफ्फरपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, वहीं कमला बलान खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। इधर, सरकार बाढ़ के संभावित खतरे को लेकर तैयार है।

नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण कई इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, शुक्रवार सुबह छह बजे कोसी नदी का वीरपुर बराज से 87,765 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था जो सुबह आठ बजे 74,825 क्यूसेक रह गया। गंडक नदी का वाल्मीकि नगर बराज पर प्रवाह सुबह छह बजे 63,200 क्यूसेक था जो सुबह आठ बजे 61,400 क्यूसेक हो गया। बागमती नदी उफान पर है। बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान को पार कर गई है, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने का खतरा मंडराने लगा है। कमला बलान झंझारपुर रेल पुल के पास खतरे के निशान के करीब बह रही है। अनुमान है कि नेपाल और उत्तर बिहार के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश की स्थिति में नदियों के जलस्तर में और बढ़ोतरी हो सकती है। गंगा, कोसी, गंडक के भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है।

इधर, सरकार बाढ़ संभावित इलाकों को लेकर तैयार है। राज्य में 29 जिले बाढ़ प्रभावित हैं, जिसमे 15 को संवेदनशील माना जाता है। एक अधिकारी ने बताया कि पांच हजार राहत शिविर स्थल को चिह्नित कर लिया गया है तथा छह हजार सामुदायिक रसोई बनाने की तैयारी पूरी है। बताया गया कि 21 जिलों में एसडीआरएफ की टीम जबकि पांच जिलों में एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। बाढ़ संभावित इलाकों में 4,700 निजी नाव और 1,500 सरकारी नाव की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को मिलने वाली राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर सात हजार रुपये कर दी है।

### विपक्षी दलों की एकता पर पीएम का प्रहार, बोले

# जो डर जाए वह मोदी नहीं हो सकता

**रायपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की एकता की कोशिशों पर करारा वार करते हुए कहा कि अगर वह सोचते हैं कि ऐसा कर वह मोदी को डरा पाएंगे, तो उन्हें समझ लेना चाहिए कि जो डर जाए वह मोदी नहीं होता..। पीएम मोदी ने वर्ष के अन्त में छत्तीसगढ़ में विधानसभा के होने वाले आम चुनावों के लिए भाजपा की विजय संकल्प रैली के जरिए प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि जो एक दूसरे को पानी पी पी कर कोसते थे, वह एक साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। वह सोचते हैं कि ऐसा करने से मोदी को डरा पाएंगे, डिगा पाएंगे तो देश के भ्रष्टाचारी कान खोल कर सुन लें..अगर वह भ्रष्टाचार की गारंटी हैं तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी है।



उन्होंने कहा कि जिसने गलत किया है वह बचेगा नहीं। मेरे यह कहने की हिम्मत इसलिए है कि मेरे पास वही है जो आप लोगों ने दिया है। इसके सिवा कुछ नहीं है। उन्होने कहा कि..ये मेरे पीछे पड़ेंगे, मेरी कब्र खोदने की धमकी देंगे लेकिन उन्हें पता नहीं जो डर जाय वह मोदी नहीं होता। लगभग आधे घंटे के अपने सम्बोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और उस पर भ्रष्टाचार की जननी होने का आरोप दोहराया।

छत्तीसगढ़ के निर्माण में मोदी ने भाजपा की प्रमुख भूमिका को याद दिलवाते हुए कहा कि भाजपा ही छत्तीसगढ़ के लोगों को समझती है, और वहीं इस राज्य का तेजी से विकास कर सकती है। उन्होंने सात हजार करोड़ रूपए की केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की आज लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि रायपुर विशाखापट्टनम आर्थिक गलियारे से जुड़ने से राज्य में रोजगार के हजारों नए मौके बनेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि दो वर्ष बाद छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे है, अगले 25 वर्ष छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काफी अहम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के रास्ते में बहुत बड़ा पंजा खड़ा हो गया है, वह आपका हक छीन रहा है, उसने ठान लिया है कि वह छत्तीसगढ़ को लूटकर बर्बाद कर देगा। उसने पिछले विधानसभा चुनावों में मां गंगा को साक्षी मानकर एक घोषणा पत्र जारी किया था कि दस दिनों के भीतर यह कर देंगे वह कर देंगे, और अब उसकी याद दिलाने पर उसकी याद्दगार चली जाती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठ फरेब के वादे में पूर्ण शराबबंदी भी शामिल थी, शराबबंदी तो हुई नहीं, हजारों करोड़ रुपए का शराब घोटाला जरूर हो गया। इसकी पूरी जानकारी अखबारों में भरी पड़ी है। शराब के कमीशन के पैसे उगाहे गए है, और कहते है कि वह कांग्रेस पार्टी के खाते में गए है। यह भी कहते है कि शराब घोटाले के पैसे की बंदरबांट की वजह से यहां ढ़ाई ढ़ाई साल के मुख्यमंत्री का फार्मूला लागू नहीं हो पाया। मोदी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में कांग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ एटीएम की तरह है।पिछले वर्षों में तमाम राज्यों में हुए चुनावों में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेताओं को क्यों जिम्मेदारी सौंपी जाती रही है,वह आप समझ सकते है।उन्होने कहा कि शराब घोटाला ही नही राज्य का कोई विभाग ऐसा नही है जिसके काम पर संदेह नही हो।केन्द्र के जल जीवन मिशन को भी इन्होने नही छोड़ा। सूबे के मुखिया से लेकर मंत्रियों एवं अन्य पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप है।

उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में राज्य में जो कुछ हुआ है, उससे साफ है कि कांग्रेस के कोर कोर में करप्शन हैं और बगैर वह इसके सांस भी नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा कि करप्शन और कमीशनखोरी पर अंकुश लगने पर नाराज होकर ये मोदी को भला बुरा कहने लगते है, इससे प्रमाणित होता है कि मोदी सही काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहे जितनी चाल चल ले, छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने के संकल्प से मोदी पीछे नहीं हटेगा।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार से दोगुना ज्यादा पैसा उनकी सरकार ने सड़के और अद्योसंरचना के विकास के लिए छत्तीसगढ़ को दिए है।राष्ट्रीय राजमार्गों पर उनकी सरकार कई गुना ज्यादा खर्च कर रही है। इससे गरीबों का जीवन आसान हो रहा है। लोगों की मुश्किलें कम करने के लिए भाजपा दिन रात मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे नक्सली समस्या पर् भी अंकुश लगा है। पहले देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 के आसपास थी जोकि अब घटकर 70 रह गई है।

### मणिपुर हिंसा पर मदद के लिए अमेरिका तैयार, कहा

# चिंता करने के लिए भारतीय होने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पिछले कुछ महीनों से मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। राज्य और केंद्र सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद अभी इस पर लगाम नहीं लग पाई है। वहीं इसी बीच भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका मणिपुर में हिंसा से निपटने में भारत की सहायता करने के लिए तैयार हैं। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका के लिए मणिपुर एक 'मानवीय चिंताइ है और अगर शांति हो तो यहां अधिक निवेश आ सकता है। बता दें कि मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है।

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका मणिपुर में हिंसा से निपटने में भारत की सहायता करने के लिए तैयार है। गार्सेटी ने कहा कि अगर यहां शांति होगी तो यह अधिक निवेश ला सकता है।

वहीं एरिक गार्सेटी के बयान पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि किसी अमेरिकी दूत के लिए भारत के आंतरिक मामलों के बारे में इस तरह का बयान देना बहुत दुर्लभ है।

मनीष तिवारी ने पंजाब, जम्मू–कश्मीर, पूर्वोत्तर में पहले की चुनौतियों का जिक्रकिया और कहा कि अमेरिकी राजदूत तभी सतर्क थे।

उन्होंने ट्वीट किया कि हमने दशकों तक पंजाब, जम्मू–कश्मीर, उत्तर पूर्व में चुनौतियों का सामना किया और चतुराई से उन पर विजय प्राप्त की। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे संदेह है कि क्या नए यूएस राजदूत एरिक गार्सेटी को अमेरिका–भारत संबंधों के जटिल इतिहास और हमारे आंतरिक मामलों में हमारी संवेदनशीलता का ज्ञान है।

दरअसल राज्य में स्कूल दोबारा खुलने के एक दिन बाद गुरुवार को मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बता दें कि मणिपुर में उथल–पुथल तब शुरू हुई जब मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा की मांग का विरोध करने के लिए 'आदिवासी एकजुटता मार्चइ आयोजित किया गया। तब से लेकर अब तक मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि मुझे पहले मणिपुर के बारे में बोलने दीजिए। हम ऐसी प्रार्थना करते हैं की वहां शांति हो। उन्होंने कहा कि जब हम हिंसा में बच्चों और लोगों को मरते देखते हैं, तो आपको चिंता करने के लिए भारतीय होने की ज़रूरत नहीं है। हम जानते हैं कि शांति कई अन्य अच्छी चीजों के लिए मिसाल है।

अमेरिकी सहायता की पेश-ाकश करते हुए, गार्सेटी ने कहा कि अगर कहा गया तो हम किसी भी तरह से सहायता करने के लिए तैयार हैं। हम जानते हैं कि यह एक भारतीय मामला है और हम शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। क्योंकि हम तभी अधिक सहयोग, परियोजनाएं और निवेश ला सकते हैं, जब शांति कायम हो।

गार्सेटी ने कहा कि भारत का पूर्व और उत्तर–पूर्व अमेरिका के लिए मायने रखता है। इसके लोग, स्थान, क्षमता और भविष्य हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कोलकाता की अपनी पहली यात्रा पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री के प्रधान मुख्य सलाहकार अमित मित्रा से मुलाकात की और आर्थिक अवसरों, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजनाओं, सांस्कृतिक संबंधों और महिला सशक्तिकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को भविष्य में शांति और प्रगति के लिए निवेश करना चाहिए।

## अपमानजनक टिप्पणी के लिए नरसिंहानंद को सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

नई दिल्ली एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत पर कथित रूप से अपमानजनक और आधारहीन टिप्पणी करने के लिए दायर अवमानना याचिका पर हिंदुत्व नेता यति नरसिंहानंद से जवाब मांगा।न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने नरसिंहानंद के विवादास्पद बयान पर कार्यकर्ता शची नेली द्वारा दायर अवमानना याचिका पर नोटिस जारी किया। नरसिंहानंद ने कहा था कि जो लोग इस प्रणाली, इन राजनेताओं, सुप्रीम कोर्ट और सेना में विश्वास करते हैं, वे सभी कुत्ते की मौत मरेंगे।

जनवरी 2022 में तत्कालीन अटॉर्नी जनरल (एजी) के.के. वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट और संविधान के खिलाफ टिप्पणियों पर नरसिंहानंद के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की कार्यकर्ता नेल्ली को सहमति दे दी थी।

अपने सहमति पत्र में, एजी वेणुगोपाल ने कहा था कि नरसिंहानंद द्वारा दिया गया बयान सुप्रीम कोर्ट के अधिकार को कम करने का सीधा प्रयास था और निश्चित रूप से भारत के सुप्रीम कोर्ट की अवमानना होगा।

पिछले साल दिए गए एक साक्षात्कार में नरसिंहानंद ने कथित तौर पर कहा था, हमें भारत के सवोच्च न्यायालय और संविधान पर कोई भरोसा नहीं है। संविधान इस देश के 100 करोड़ हिंदुओं को खा जाएगा। जो लोग इस संविधान में विश्वास करते हैं उन्हें मार दिया जाएगा।


## पड़ोसी मुल्क के बदतर हालात: पुलिसवाले ही लूटने लगे तेल का स्टॉक, गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान में महंगाई अपने चरम पर हैं। मौजूदा समय में पड़ोसी मुल्क के हालात इतने बदतर हो गए हैं कि वहां रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। महंगे बिक रहे खाद्य तेल के लिए अब पुलिसवाले ही लोगों से चोरी करने लगे हैं। इसी कड़ी में कराची पुलिस ने पांच सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है, जो पुलिस वैन में खाना पकाने के तेल का स्टॉक लूटता था। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गार्डन मुख्यालय के पास छापेमारी के दौरान गिरोह ने पांच संदिग्धों की पहचान की थी। आरोपियों में गोदाम का मालिक, एक कर्मचारी और एक पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस वैन में हथियारबंद लोग डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल में खाना पकाने के तेल का स्टॉक ले जाने वाले मालवाहक वाहनों को लूटते थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले माह दर्जनों लूट की घटनाएं हुई थीं। डकैती के बाद आरोपी खाने का तेल गोदाम में छिपा देते थे।

## आसमान से बरसी आफत ! आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 18 की मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। इस बारिश ने कहीं राहत प्रदान की तो कहीं कहर बनकर बरसी। इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों घायल हो गए। आकाशीय बिजली गिरने से कई मवेशियों की भी मौत हुई। बता दें कि उत्तर प्रदेश में बुधवार की शाम कई जिलों में मॉनसून की झमाझम बारिश हुई। सरकार की तरफ से सभी मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा के तहत मुआवजा देने के निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश के रायबरेली में आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटी। यहां अलग–अलग इलाकों में बिजली गिरने से कुल तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग झुलस गए। सदर तहसील इलाके के मिल एरिया थाना क्षेत्र में अधेड़ की मौत हुई। मृतक अधेड़ संदी नागिन गांव का रहने वाला था और छेदी का पुरवा गांव में किसी काम से आया था, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। दूसरी घटना भदोखर थाना क्षेत्र के सराय दामू की है, जहां बिजली गिरने से एक महिला की मौत हुई। मृतका अन्य महिलाओं के साथ खेत में धान की रोपाई कर रही थी। तीसरी घटना सलोन तहसील के डीह थाना इलाके के गोइरा गांव में हुई। गांव का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर मोहित की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मोहित मवेशियों को चरा रहा था। इस दौरान एक गाय की भी बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं भदोखर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में 3 लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें स्थानीय लोगों और परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। जिसमें 2 महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है।

उधर महोबा जनपद में भी झमाझम बारिश के बीच आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला। खेत में काम कर रही एक महिला की मौत हो गई, जबकि पति–पत्नी सहित 7 ग्रामीण गंभीर रूप से झुलस गए। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 70 बकरियां, एक भैंस सहित 80 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, महोबा में तीन तहसील बिलखी, सूपा और तेलीपहाड़ी में आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई।


प्रयागराज में बुधवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कई मौतें हुई। प्रयागराज जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 की मौत हो गई, जबकि एक झुलस गया। कौशांबी जिले में भी आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हुई। गंगापार के हंडिया थाना क्षेत्र के भूई गांव में 12 वर्षीय लड़की काजल की मौत हो गई, जबकि 8 वर्षीय छोटा भाई अतुल झुलस गया।

# जर्मनी, स्पेन के दौरे पर भारतीय महिला टीम का ध्यान युवाओं पर



मुंबई ,। टीम में कुछ जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारतीय महिला हॉकी टीम मैचों की एक श्रृंखला के लिए जर्मनी और स्पेन के लिए रवाना होगी, जो सितंबर में आगामी एशियाई खेलों के लिए उसकी तैयारियों का आकलन करने में मदद करेगी। अगले कुछ महीने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह चीन में एशियाई खेलों से पहले 'बनने या तोडऩे' की अवधि पर है। एशियाई खेलों में जीत से टीम को अगले साल के ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश मिल जाएगा, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पेरिस में होने वाले मेगा इवेंट के लिए टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इसलिए, अगले कुछ महीनों में कठोर प्रशिक्षण, छिटपुट आराम की अवधि, टेस्ट मैचों का परीक्षण, संयोजनों को ठीक करना और अधिक कठोर प्रशिक्षण शामिल होगा झ्र यह सब एक योजना के अनुसार तैयार किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खिलाड़ी उस समय शारीरिक और मानसिक रूप से सर्वश्रेष्ठ हों। टीम 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए इस यात्रा में पहला कदम यूरोप के तीन सप्ताह के दौरे के साथ उठाएगी, जिसके दौरान वह जर्मनी में चीन और मेजबान देश के खिलाफ द्विपक्षीय मैच और स्पेन में चार देशों का अंतर1ाष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेगी, जिसमें मेजबान के अलावा ग्रेट ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका अन्य टीमें होंगी। टीम स्पेन और जर्मनी दौरे की तैयारी के लिए बेंगलुरु में एक कठिन शिविर से गुजरी है और कोच जेनेक शोपमैन और कप्तान सविता पुनिया दोनों को लगता है कि खिलाड़ी आने वाले चुनौतीपूर्ण समय के लिए तैयार हैं। जर्मनी और स्पेन के आगामी दौरे के लिए, शोपमैन ने हांगझाऊएशियाई खेलों से पहले कुछ नए संयोजन तैयार करने के लिए कुछ जूनियर खिलाड़ियों को चुना है। 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने वाले दौरे के जर्मन चरण में भारत पहले मैच में चीन से भिड़ेगा और फिर दो मैचों में मेजबान टीम से भिड़ेगा। स्पेन में, भारत स्पेनिश हॉकी महासंघ की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर टेरासा में 25 से 30 जुलाई तक चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा। इस दौरे पर फोकस युवा मिडफील्डर ज्योति छत्री पर होगा, जो जूनियर विश्व कप टीम का हिस्सा थीं और प्लेइंग इलेवन में स्थायी जगह पक्की करने की उम्मीद कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि ज्योति छत्री इस दौरे पर सीनियर राष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेंगी लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि जो खिलाड़ी स्पेन और जर्मनी दौरे का हिस्सा हैं वे एशियाई खेलों में शामिल होंगे। लड़कियाँ वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और हमने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा दौरा किया है और फिर, निश्चित रूप से, मैं जूनियर एशिया कप के लिए जापान में जूनियर टीम के साथ था और वहाँ कुछ खिलाड़ियों को पास से ही खेलते हुए देख पाया था। मुझे लगता है कि हमारा कोर ग्रुप और मजबूत होता जा रहा है और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा है क्योंकि इसका मतलब है कि प्रशिक्षण का स्तर ऊंचा है और इसका मतलब है कि हर किसी को प्रदर्शन करना होगा और मैं कुछ एथलीटों से यह भी जानता हूं कि वे टीम में क्या लाएंगे।

# भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा दूरदर्शन



मुंबई,दूरदर्शन (डीडी) भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा। भारतीय टीम इस दौरे पर 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगी। यह द्विपक्षीय श्रृंखला 12 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगी।डीडी दर्शकों को अपनी भाषा में मैच देखने का विकल्प देगा – टी20आई और वनडे सीरीज का प्रसारण हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला और कन्नड़ में डीडी स्पोर्ट्स के साथ–साथ नेटवर्क के क्षेत्रीय चैनलों डीडी पोधिगई, डीडी सप्तगिरी, डीडी यादगिरी, डीडी बांग्ला और डीडी चंदना पर भी किया जाएगा। टेस्ट मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स पर प्राथमिक प्रसारण हिंदी और अंग्रेजी संयोजन का होगा।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद यह पहली बार होगा जब टीम इंडिया एक्शन में होगी और टीम नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी।

रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या उन नामों में से होंगे जिन पर नजर रहेंगी, जबकि यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा खिलाड़ी भी मौके का फायदा उठाना चाहेंगे। प्राथमिक मीडिया अधिकार धारक के रूप में, फैनकोड पूरी श्रृंखला को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम करेगा।

# आईपीएल में धमाल मचा चुके तीन प्लेयर्स करेंगे इंटरनेशनल मैच में डेब्यू!



नईदिल्ली,वेस्टइंडीज में खेले जानी वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका हैं। इस बार टीम में ऐसे खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है जो इंटरनेशनल मैच में डेब्यू करेंगे। हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। इस बार टीम में ऐसे तीन नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है जो पहली बार इंटरनेशनल मैच खेलेंगे।

आपको बता दें की टीम में यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा और मुकेश कुमार को मौका दिया गया है। बैटर्स में तिलक वर्मा, यशस्वी जायसवाल और बॉलर्स में मुकेश कुमार को पहली बार टी–20 स्क्वॉड में शामिल किया गया है। इन तीनों प्लेयर्स के पास इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका है।

हाल ही में हुए आईपीएल में जायसवाल और तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया था। आईपीएल 2023 के इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द इयर का पुरस्कार पाने वाले जायसवाल ने 14 मैचों में 625 रन बनाये थे। तिलक वर्मा ने आईपीएल 2023 में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया की हुई घोषणा, इन खिलाड़ियों की खुली किस्मत

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम 12 जुलाई से वेस्टइंडीज में अपने दौरे की शुरूआत करने जा रही है। यहां टीम दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह सीरीज लगभग एक महीने तक चलने वाली है। इसके साथ ही सीनियर पुरुष चयन समिति ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम का चयन किया है। भारतीय क्रिकेट टीम 12 जुलाई से वेस्टइंडीज में अपने दौरे की शुरूआत करने जा रही है। यहां टीम दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। यह सीरीज लगभग एक महीने तक चलने वाली है। इसके साथ ही सीनियर पुरुष चयन समिति ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम का चयन किया है।

# निखिल प्रभु ने एफसी गोवा छोड़ा; नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने फाल्गुनी सिंह से करार किया




नई दिल्ली,एफसी गोवा के डिफेंडर निखिल प्रभु पांच महीने की संक्षिप्त अवधि के बाद क्लब छोड़ देंगे, क्लब ने उनके जाने की घोषणा की।एफसी गोवा ने एक ट्वीट में कहा,क्लब एक अज्ञात शुल्क पर निखिल के स्थानांतरण के लिए एक समझौते पर पहुंच गया है! आपके नए साहसिक कार्य के लिए आपको शुभकामनाएँ निखिल!

हैदराबाद एफसी के अकादमी के, प्रभु को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2020–21 में पहली टीम में पदोन्नत किया गया था, लेकिन उन्हें पर्याप्त गेमटाइम नहीं मिला। इसके कारण डिफेंडर को 2021–22 सीजऩ में क्लब से ऋण लेकर ओडिशा एफसी में जाना पड़ा, जहां उन्होंने मोहन बागान सुपर जाइंट के खिलाफ 0–0 से ड्रा में आईएसएल में पदार्पण किया। भुवनेश्वर स्थित टीम में उनके कार्यकाल ने उन्हें स्थायी कदम उठाने के लिए प्रेरित किया क्योंकि उन्होंने 2022–23 सीजऩ से पहले एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए। सीजऩ के दौरान जोसेप गोम्बाउ की कोचिंग वाली टीम के लिए तीन मैच खेलने के बाद, सेंटर–बैक ने एफसी गोवा के लिए ऋण प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। गौर्स के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, 22 वर्षीय ने सुपर कप सहित चार मैच खेले, और रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में उनकी अकादमी का प्रतिनिधित्व भी किया। इस बीच, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने 28 वर्षीय सेंट्रल मिडफील्डर कोन्सम फाल्गुनी सिंह के साथ करार किया। कोन्सम फाल्गुनी सिंह एक प्रतिभाशाली मिडफील्डर हैं जिन्होंने पहले ही भारतीय फुटबॉल परिदृश्य में अपना नाम बना लिया है। श्रीनिदी डेक्कन एफसी और ट्राउ एफसी के साथ खेलने के बाद, मेहनती मिडफील्डर ने दो गोल और सात सहायता के साथ 48 आई–लीग उपस्थिति दर्ज की है।

करार पर, मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने कहा, मुझे कोन्सम का टीम में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। मैंने हीरो आई–लीग में उनका प्रदर्शन देखा है और उनकी क्षमता पर मेरा गहरा विश्वास है।

## फिल्मी सफर

# ए टेलर मर्डर स्टोरी का टीजर आउट: नवंबर में रिलीज होगी फिल्म




कन्हैया लाल एक दर्जी थे जिनकी 2022 में उदयपुर में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इस भयानक घटना ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया था क्योंकि दो लोग, ग्राहक बनकर, उनकी दुकान में घुसे और पिछले साल 28 जून को उनका सिर काट दिया। घटना के करीब एक साल बाद कन्हैया हत्याकांड पर आधारित फिल्म बन रही है। भरत सिंह द्वारा निर्देशित, इसका नाम ए टेलर मर्डर स्टोरी है।


फिल्म का इंटेंस टीजर भी सोशल मीडिया पर आ चुका है। कन्हैया लाल की दो लोगों ने हत्या कर दी और उसका सिर काट दिया। बाद में, उन्होंने नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उस व्यक्ति की हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया। नूपुर शर्मा पिछले साल पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में थीं। इस घटना पर अब भरत सिंह द्वारा जानी फायरफॉक्स फिल्म्स और लूसिओल प्रोडक्शन के तहत एक फीचर फिल्म बनाई जा रही है। आगामी फिल्म का टीजऱ भी ऑनलाइन साझा किया गया था और इसमें हत्या के भयानक विवरण का खुलासा किया गया है।

कन्हैया की पत्नी और बेटे ने प्रोड्यूसर अमित जानी को एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दे दी है। आगामी फिल्म ए टेलर मर्डर स्टोरी लगभग 25 करोड़ रुपये से 30 करोड़ रुपये के बजट पर बनाई जाएगी। यह इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।

### निकिता रावल ने रेड आउटफिट में बिखेरा हुस्न का जलवा, फैंस ने की लाइक्स और कमेंट्स की बौछार

एक्ट्रेस निकिता रावल एक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, निकिता रावल ने लेटेस्ट ग्लैमरस आउटफिट के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल का ये अंदाज फैंस का काफी लुभा रहा है। हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज की मालकिन निकिता रावल फैंस पर कहर बरपाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल ने रेड कलर की लेटेस्ट आउटफिट में कई बोल्ड पोज दिए। उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट हॉट लुक में एक्ट्रेस निकिता रावल अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

# कार्तिक आर्यन ने किया अपनी नई फिल्म चंदू चैंपियन का ऐलान, पहली झलक भी आई सामने



कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म सत्यप्रेम की कथा की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, वहीं कार्तिक ने भी कमाल का अभिनय किया है। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई फिल्म की घोषणा भी कर दी है। उनकी इस फिल्म का नाम है चंदू चैंपियन। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं। आइए जानते हैं कार्तिक ने अपने पोस्ट में क्या लिखा।

कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर साझा किया और लिखा, चंदू नहीं, चैंपियन है मैं। पोस्टर में लिखा हुआ है, वो शख्स, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। इसमें फिल्म के नाम के अलावा निर्माता–निर्देशक का नाम और रिलीज डेट भी बताई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जहां कबीर संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को दर्शकों के बीच आएगी।

यह फिल्म एक खिलाड़ी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो कभी हार नहीं मानता। उस खिलाड़ी का नाम चंदू है, जिसका किरदार कार्तिक पर्दे पर साकार करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस सच्ची कहानी से जुडक़र कार्तिक बहुत खुश हैं। वह जानते हैं कि किरदार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीवंत करने को उत्साहित हैं। दूसरी तरफ साजिद और कबीर को यकीन है कि ये फिल्म उनके करियर की दशा और दिशा दोनों बदल देगी।

कार्तिक अभिनीत सत्यप्रेम की कथा 29 जून को सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म के निर्माता भी साजिद ही थे। फिल्म में कार्तिक की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है। फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से भी खूब प्यार मिला है। इसने अब तक लगभग 38.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। सत्यप्रेम की कथा लंबी रेस का घोड़ा साबित हो सकती है क्योंकि आने वाले दिनों में फिलहाल कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।

कार्तिक फिल्म भूल भुलैया 3 में दिखेंगे। उनकी फिल्म भूल भूलैया 2 ने सिनेमाघरों में पड़े सूखे को खत्म कर दिया था। 70 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 266 करोड़ रुपये बटोरे थे। निर्देशक हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में भी कार्तिक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म के जरिए कार्तिक अपने करियर में पहली बार पायलट की भूमिका निभाने वाले हैं।

# शिवा कार्तिकेयन अभिनीत मावेरन का ट्रेलर हुआ वायरल



कार्टूनिस्ट की अपनी रचना के पास होने की एक बिल्कुल नई अवधारणा का दावा करते हुए, शिव कार्तिकेयन अभिनीत मावेरन का पहला आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो गया है और वायरल हो गया है, जिसने रिलीज के एक दिन के भीतर 5 मिलियन हिट हासिल किए हैं।

मैडोना अश्विन द्वारा निर्देशित यह फिल्म तेलुगु में महावीरुडु और तमिल में मावीरन के नाम से एक साथ रिलीज होगी। फिल्म शांति टॉकीज के तहत अरुण विश्व द्वारा समर्थित है।

ट्रेलर में, शिव कार्तिकेयन एक कार्टूनिस्ट की भूमिका निभाते हैं जो एक राजनेता के पोस्टर को नष्ट कर देता है, जिससे राजनेता मुसीबत में पड़ जाता है। पोस्टर गलती से नायक के जूते में फंस जाता है, लेकिन राजनेता सोचता है कि शिव कार्तिकेयन उसके खिलाफ हैं। ट्रेलर में थोड़ा सस्पेंस है. शिव कार्तिकेयन जब भी आसमान की ओर देखते हैं तो अलग व्यवहार करते हैं और अपने कार्टूनों को जीना शुरू कर देते हैं। ट्रेलर बहुत आकर्षक है, और यह आगे एक अद्वितीय मनोरंजन का वादा करता है। फिल्म में अदिति शंकर, सुनील, मैसस्किन और योगी बाबू भी हैं।

# ब्लॉकबस्टर फिल्म देकर छाईं सोनम बाजवा



एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है. फिल्म ने 6 दिन में ही 24.30 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म 50 करोड़ का आकड़ा पार करके ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है.

सोनम बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम बन गई हैं. हालांकि, उनके लिए ये सब आसान नहीं रहा है. एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों के लिए भी ऑडिशन दिए थे, लेकिन इसमें उन्हें सक्सेस हाथ नहीं लगी थी. सोनम ने बताया था कि शूटिंग शुरू होने से 6 दिन पहले उन्हें एक हिंदी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया था. जब उनसे पूछा गया कि क्या वो बॉलीवुड के लिए अभी भी ऑडिशन देती हैं और हिंदी फिल्म में काम करने की इच्छा रखती हैं? इस पर उन्होंने कहा, अगर मैं अब ऑडिशन दूं और ऑडिशन में सफल नहीं हो पाती हूं तो इससे मैं अपसेट नहीं होती हूं. लेकिन पहले छह–सात साल पहले की अपनी जर्नी को देखूं तो इससे मुझे बहुत तकलीफ होती थी. जैसे, मैं यहां फिल्म क्यों नहीं कर रही हूं. या किसी ने फिल्म की शूटिंग से छह दिन पहले मुझे क्यों निकाल दिया? सोनम ने आगे कहा, मैंने एक बहुत बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. इसके लिए मैंने प्रॉपर वर्कशॉप की. मैंने फिल्म के लिए कुछ स्किल्स भी सीखे. लेकिन छह दिन पहले उन्होंने कहा कि डायरेक्टर बेहद नर्वस हैं, क्योंकि ये उनकी पहली फिल्म है और आप बहुत शांत हैं. लेकिन अब जब मैं पीछे मुडक़र देखती हूं, तो मुझे लगता है,वाह, भगवान ने सचमुच मुझे बचा लिया. उन्होंने कहा था, मैंने कुछ हिंदी फिल्में साइन की. लेकिन किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पाई थी. उस वक्त मेरा दिल टूट गया था. मैंने सभी को बता दिया था. मेरे पेरेंट्स को पता था कि मैंने 3 फिल्मों की डील साइन की है. मैं डेब्यू करने जा रही हूं. लेकिन उस वक्त ये छिपा हुआ आशीर्वाद था. वहीं बता दें कि सोनम अपने स्किन कलर को लेकर भी बुली हुई हैं. उन्होंने बताया था कि मैं बचपन से ही स्किन कलर को लेकर बुली हुई हूं. मैं पंजाबी फैमिली से आती हूं और बहुत गोरी–चिट्टी नहीं हुआ करती थी.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com